15 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 235

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आदिवासी भाषा, संस्कृति को मजबूती प्रदान करेंगी डॉ सोनाझारिया मिंज : हेमंत सोरेन



# नीट यूजी 2025 : हिमांशु कुमार बने झारखंड टॉपर

- ऑल इंडिया रैंक 134 हासिल किया
- राजस्थान के महेश बने देश में टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। परीक्षा 4 मई को आयोजित की गयी थी। परीक्षा में हिमांशु कुमार झारखंड टॉपर बने हैं। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 134 हासिल किया है। हिमांशु कुमार गिरिडीह के सरिया के रहने वाले हैं। हिमांशु के पिता का नाम ओम



प्रकाश पंडित है। उनके पिता की सरिया में ही बिजली की दुकान है।

**ब्रदर्स एकेडमी के रहे हैं छात्र:** ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने नीट 2025 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। हिमांशू ब्रदर्स एकेडमी के छात्र रहे हैं। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता पिता के अनुशासन और समस्त परिवार जनों के आशीर्वाद व सहयोग को दिया। हिमांशु का मानना है कि एक औसत छात्र भी अपने दृढ़ संकल्प, आत्मबल, धैर्य और सघन परिश्रम के बल पर अपना एमबीबीएस करने का सपना साकार कर सकता है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। कई छात्रों ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी सफलता की गाथा लिख कर एक मिसाल कायम की है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है।

## टॉप 10 में केवल एक दिल्ली की लड़की



नीट यूजी 2025 में 20.08 लाख परीक्षार्थी बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख परीक्षार्थियों ने क्वालिफाई किया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 अंक मिले। वहीं, इंदौर के उत्कर्ष अवधिया दूसरे और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने देश में तीसरा स्थान हासिल किया। टॉप 10 में केवल एक लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है।

# सारंडा जंगल में आइडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के एएसआइ शहीद

राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** सारंडा जंगल में नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के एएसआइ सत्यवान कुमार सिंह शहीद हो गये। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च अभियान में जुट गये हैं। शहीद जवान सीआरपीएफ 134 बटालियन के सहायक अवर निरीक्षक जीडी सत्यवान सिंह हैं। ब्लास्ट की चपेट में आने के बाद घायल जवान को तुरंत राउरकेला भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।



## रांची पहुंचा पार्थिव शरीर, दी गयी श्रद्धांजलि

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के सेक्टर-2, धुर्वा,के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION
OPEN FOR 2025-26
ANM | GNM
Auxiliary Nurse and Midwife
General Nursing and Midwifery
Our Facilities
- PLACEMENT ASSISTANCE
- SCHOLARSHIP
- SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
- MESS
- TRANSPORT
- FEE INSTALLMENT FACILITY
- SMART CLASSROOM
- ADVANCE LAB & LIBRARY
Indian Nursing Council (INC) Approved
Enroll Now

9031231082, 6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219(Jh) www.florenceinstriba.com fsnirba@gmail.com

Since 1985
ISM Ranchi
INSTITUTE OF SCIENCE & MANAGEMENT
Affiliated to Jharkhand University of Technology
Approved by AICTE, Govt. of India
ADMISSION OPEN FOR 2025-26

4 YEARS BACHELOR IN HOTEL MANAGEMENT & CATERING TECHNOLOGY (BHMCT)
(Food & Beverage Service, Front Office, Accommodation Operation, Food Production & Culinary Art, Hospitality, Bakery & Confectionery)
Eligibility: Intermediate / 10+2 Passed with 45% Marks or Appearing
3 YEARS BACHELOR OF COMPUTER APPLICATION (BCA)
Eligibility: Intermediate / 10+2 Passed with Mathematics as one subject & 45% Marks or Appearing
2 YEARS MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION (MBA)
(Human Resource, Marketing, Finance & IT)
Eligibility: Graduate in any discipline with 50% Marks. Latest Credit Based Curriculum
3 YEARS BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION (BBA)
(Human Resource, Marketing, Finance & IT)
Eligibility: Intermediate / 10+2 Passed with 45% Marks or Appearing
1 YEAR CRAFT COURSES IN HOTEL MANAGEMENT
(Hospitality, Baker & Confectionary, Food & Beverage Services, Travel & Tour Operation Management, Front Office & House Keeping)
Eligibility: Matriculation, Intermediate / 10+2 with 45% Marks or Appearing
TOP INDUSTRY RECRUITERS/TRAINING PARTNERS
TCI BAJAJ Hawkins TATA MOTORS Coca-Cola JW MARRIOTT Oberoi HOTELS & RESORTS The Ritz-Carlton RAJMAHAL PALACE JAIPUR
Phone 8797131841, 7858001234
Website www.ismr.ac.in
Address Pundag, Ranchi-834004

# बिहार में ढीली पड़ने लगी महागठबंधन की गांठ

## ■ पटना की तैयारी बैठक में नहीं बुलाये जाने से नाराज है झामुमो
## ■ अपनी अनदेखी से नाराज झामुमो अपना सकता है अलग राह
## ■ झामुमो-राजद के बीच बढ़ती दूरी से रोचक हुआ पूरा परिदृश्य

**इस साल के अंत में होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां चरम पर हैं। इन तैयारियों के बीच अब एनडीए को सत्ता से हटाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे महागठबंधन के दो सहयोगियों, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए महागठबंधन की तैयारी के तरीके पर असंतोष व्यक्त किया है। पार्टी ने पटना में 13 जून को हुई महागठबंधन की बैठक में उसे नहीं बुलाये जाने पर नाराजगी जतायी है और बिहार में अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। इससे पहले झामुमो ने बिहार में 12 से 15 सीटों पर दावा ठोका था और उसे उम्मीद थी कि गठबंधन के नेता सीट शेयरिंग के मुद्दे पर होनेवाली बैठक में उसे बुलायेंगे और उसके दावे पर ध्यान देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब राजद ने साफ कर दिया है कि बिहार के लिए झामुमो के साथ कोई समझौता कभी नहीं हुआ। इसलिए उसे कोई सीट नहीं दी जायेगी। इस पर झामुमो ने पलटवार करते हुए कहा है कि बिहार में पार्टी अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। महागठबंधन के इन दो सहयोगियों के बीच पैदा हुई तनातनी ने बिहार के चुनावी परिदृश्य को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस तनातनी से जहां कांग्रेस और वामदल परेशान हैं, वहीं भाजपा-जदयू ने तंज कसा है। झामुमो और राजद के बीच पैदा हुई तनातनी की पृष्ठभूमि में क्या होगा इसका संभावित असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

रांची से लेकर पटना तक बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है, लेकिन झामुमो बिहार की सियासी गणनाओं से खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है। झारखंड में सत्ता का स्वाद चख चुकी पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उतरने की मंशा जतायी थी, लेकिन महागठबंधन में शामिल बिहार के प्रमुख दल- राजद और कांग्रेस ने अब तक चार बैठकें कीं, जिनमें झामुमो को आमंत्रित तक नहीं किया गया। इससे सवाल उठने लगा है कि क्या झामुमो और राजद की दोस्ती चुनाव में दरक गयी है और क्या चुनाव में झामुमो को कोई सीट नहीं मिलेगी।

### क्या है पूरा मामला

पटना में 13 जून को राजद नेता तेजस्वी यादव के आवास पर महागठबंधन की बैठक हुई। इसमें झामुमो को छोड़ कर सभी घटक दलों को बुलाया गया था और सीट शेयरिंग के मुद्दे पर चर्चा की गयी। सभी सहयोगी दलों से उनकी पसंदीदा सीटों की सूची मांगी गयी। बैठक में झामुमो को नहीं बुलाया गया था। अपनी अनदेखी से झामुमो बेहद नाराज है। हालांकि पार्टी ने यह नाराजगी शुरुआत में नहीं जतायी और कहा कि जब राष्ट्रीय स्तर के नेता सीट बंटवारे को लेकर चर्चा करेंगे, तब उनकी पार्टी को जरूर स्थान मिलेगा। पार्टी ने दो टूक कहा कि हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन जैसे नेता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### राजद ने दे दी चुनौती


इसके बाद मामला गरमा गया। राजद की तरफ से कहा गया कि बिहार की बैठकों में वही दल बुलाये जाते हैं, जो यहां महागठबंधन में शामिल हैं। झारखंड राजद के नेताओं ने झामुमो को चेतावनी भरे लहजे में कह दिया कि झारखंड की तुलना बिहार से न की जाये। अगर झामुमो को इतना आत्मविश्वास है, तो अकेले चुनाव लड़कर अपनी ताकत दिखाये। झामुमो चाहे, तो सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ ले।

### झामुमो ने दिया जवाब

इस पर झामुमो की तरफ से जवाब दिया गया। पार्टी ने कहा कि बिहार में उसका संगठन मजबूत है। महागठबंधन की अगली बैठक पर पार्टी की नजर है। इसके बाद जल्द ही पार्टी कोई बड़ा फैसला ले सकती है।

### समन्वय समिति में भी झामुमो नहीं

बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन द्वारा बनायी गयी 21 सदस्यीय समन्वय समिति में भी झामुमो को स्थान नहीं दिया गया है। इस समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव हैं। झामुमो ने अपनी उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कम सीटें मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजद को मंत्री पद दिया था। इसके बावजूद बिहार में झामुमो नजरअंदाज किया जा रहा है।




पार्टी का मानना है कि सीमावर्ती इलाकों में उसकी मजबूत पकड़ है। और इस प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

### राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की तैयारी

दरअसल हेमंत सोरेन द्वारा पार्टी की कमान संभालने के बाद झामुमो अब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पहचान बनाना चाहता है। पार्टी झारखंड के साथ-साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। पहले भी पार्टी का ओड़िशा में छह विधायक, बिहार में एक विधायक और एक सांसद रह चुका है। झामुमो की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ही पार्टी ने बिहार चुनाव में उतरने का मन बनाया है।

### सीमावर्ती सीटों पर झामुमो की मजबूत दावेदारी

झामुमो बिहार-झारखंड की सीमावर्ती सीटों, जैसे चकाई, झाझा, तारापुर, कटोरिया, बांका, मनिहारी, रूपौली, बनमनखी, जमालपुर और धमदाहा में चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी का दावा है कि इन क्षेत्रों में झारखंडी संस्कृति, भाषा और आदिवासी पहचान की गहरी पैठ है, जिसे देखते हुए झामुमो को इन क्षेत्रों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झामुमो का तर्क है कि सीमावर्ती जिलों में पड़ने वाली विधानसभा सीटों पर उसका जनाधार है। अतीत में वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भी रहे हैं। झामुमो का कहना है कि इन सीटों पर न सिर्फ उसके कार्यकर्ता हैं, बल्कि उसके पास प्रत्याशी भी हैं। पार्टी को उम्मीद है कि उसकी मांगों पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जायेगा। पार्टी का दावा है कि 2024 के दो चुनावों से साफ हो गया है कि पार्टी का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। तानाशाही तत्वों के खिलाफ लड़ कर जिस प्रकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बड़ी जीत मिली है, उसकी स्वाभाविक तौर पर पार्टी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हो रही है। झामुमो को चाहने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं।

### क्या है झामुमो की दावेदारी का आधार

झामुमो की यह दावेदारी दरअसल उसकी विस्तार योजना का हिस्सा है। पार्टी ने झारखंड के अलावा बंगाल और ओड़िशा में अपना विस्तार किया है और अब वह बिहार में अपने पैर फैलाना चाहती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि बिहार में चुनाव मैदान में उतरने के झामुमो के फैसले का इंडी अलायंस पर सबसे अधिक असर पड़ेगा और इससे राजनीति में नया गुल खिल सकता है। झामुमो झारखंड में इंडी अलायंस की सबसे बड़ी पार्टी है, वहीं बिहार में उसकी भूमिका सहयोगी की है।

### पहले भी प्रत्याशी दे चुका है झामुमो

वैसे यह पहली बार नहीं है कि झामुमो बिहार चुनाव में प्रत्याशी उतारने की बात कह रहा है। झामुमो पहले भी बिहार में चुनाव लड़ चुका है। 2020 में हुए चुनाव में झामुमो ने बिहार की चार सीटों से अपने उम्मीदवार उतारे थे, हालांकि किसी को जीत नहीं मिली। पार्टी ने चकाई से एलिजाबेथ सोरेन, झाझा से अजीत कुमार, कटोरिया से अंजेला हांसदा, मनिहारी से फूलमनी हेंब्रम और धमदाहा से अशोक कुमार हांसदा को चुनाव मैदान में उतारा था।

### झामुमो के दावे का सियासी असर

झामुमो की दावेदारी और रणनीति से साफ है कि वह इस बार बिहार के चुनावी परिदृश्य में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। पार्टी को महागठबंधन से काफी उम्मीदें हैं और यदि सीट बंटवारे पर सहमति बनती है, तो यह चुनावी समीकरणों को नया मोड़ दे सकता है। जानकार बताते हैं कि हेमंत सोरेन ने जिस तरह झारखंड में राजद और कांग्रेस को समुचित सम्मान और सीटें दी थीं, वह अपनी पार्टी के साथ भी बिहार में वैसा ही व्यवहार चाहते हैं। लेकिन राजद और कांग्रेस के रुख से ऐसा नहीं लगता कि वे झामुमो को तवज्जो देने के मूड में हैं।

### भाजपा ने कसा तंज: फुफकारता है, काटता नहीं

इधर, भाजपा ने भी झामुमो की स्थिति पर तीखा तंज कसते हुए मजे लेना शुरू कर दिया। पार्टी के बिहार सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो सिर्फ फुफकारता है, लेकिन काटता नहीं। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले चुनावों में भी झामुमो ने बिहार से चुनाव लड़ने की बात की थी, लेकिन न समर्थन मिला, न सीट। दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर झामुमो में हिम्मत है, तो मैदान में उतरकर दिखाये।

---

## सीएम से डॉ सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की

# आदिवासी भाषा, संस्कृति को मजबूती प्रदान करेंगी डॉ सोनाझारिया मिंज : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री हेमंत ने डॉ सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किये जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।



# पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें फिर नये की बात करें : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) की खराब हालत पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पहले मौजूदा रिम्स की स्थिति सुधारी जाये, फिर नये रिम्स के निर्माण की योजना बनायें। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि रिम्स का जर्जर भवन दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। दीवारों से प्लास्टर गिरना, दरारें और जलभराव मरीजों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए खतरा बन गये हैं।




उन्होंने कहा कि हाल ही में जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हुई दुर्घटना से सरकार को सबक लेना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव पर भी निशाना साधा। उनका कहना है कि दोनों ने रिम्स जैसे महत्वपूर्ण अस्पताल को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे रिम्स की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए तुरंत कदम उठायें। वे चाहते हैं कि अस्पताल में मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित हो और अस्पताल का ढांचा मजबूत किया जाये। उनका कहना है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाये और ऐसे हादसों को रोका जाये।

# गुमला में नवजात चोरी का मामला : दंपति रांची से गिरफ्तार, बच्चा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के सदर अस्पताल से बीती रात नवजात बच्चे की चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दंपति को रांची से गिरफ्तार कर लिया है और नवजात को सकुशल बरामद कर लिया गया है। घटना बीती रात की है, जब एक महिला नर्स के भेष में सदर अस्पताल में दाखिल हुई और एक नवजात शिशु को इंजेक्शन लगाने के बहाने उसकी मां से लेकर चली गयी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह महिला वापस नहीं लौटी, तो बच्चे की मां ने अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर पाया गया कि एक महिला अपने पति के साथ अस्पताल आयी थी और वही नवजात को लेकर चली गयी। गुमला थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के भीतर रेस्क्यू किया और नवजात शिशु को बरामद सहित चोर दंपति को गिरफ्तार कर गुमला लाया गया। इसके बाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने देर रात सिविल सर्जन की उपस्थिति में नवजात शिशु को उसके माता पिता को सौंप दिया। गिरफ्तार चोर दंपति पीपराटोली निवासी बबीता टोप्पो और सूरज लोहरा को शनिवार को जेल भेज दिया गया।



www.epaper.azadsipahi.in
15 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 235

चारधाम यात्रा में 28 लाख श्रद्धालुओं ने किये दर्शन




## अहमदाबाद विमान हादसा : मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा

# पायलट का आखिरी शब्द 'नहीं बचेंगे'...

- हॉस्टल भवन में फंसा विमान के पीछे का हिस्सा निकाला गया, एक और शव मिला
- डीएनए जांच में नौ की पहचान, दो शव परिजनों को सौंपे
- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित, तीन महीने में देगी रिपोर्ट
- आठ घायलों इलाज का चल रहा, एक की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आ गया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, 'मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।' इसके बाद प्लेन से एटीएस का संपर्क टूच गया। प्लेन क्रेश हो गया। इसमें पायलट और क्रू मेंबर सहित 242 लोग सवार थे। एक यात्री को छोड़ सभी मारे गये। उधर, विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से नौ का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि दो शवों उनके परिवार को सौंप दिये गये हैं। अस्पताल में आठ घायलों इलाज का चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पहले दिन से हादसे की जांच जारी है। केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गयी है। जो तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की पिछले हिस्से में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।



**हादसे में पीड़ितों से मिले कांग्रेस अध्यक्ष:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार समेत अन्य नेता अहमदाबाद सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। खड़गे ने कहा कि प्लेन का ब्लैक बॉक्स मिल गया है, जिससे हादसे की सच्चाई सामने आ जायेगी। जो सामने आयेगा, उसके आधार पर हम कुछ कह सकते हैं। अभी किसी पर आरोप लगाना ठीक नहीं है। यह तकनीकी मामला है। इस घटना में मुआवजा मिलना चाहिए, लेकिन जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिये।

### अहमदाबाद प्लेन हादसा में मृतक

- कुल मृतक: 275
- विमान के यात्री: 229 (एक यात्री बचा)
- पायलट और क्रू मेंबर: 12
- बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के डॉक्टर: 5
- हॉस्टल में मौजूद स्टाफ और अन्य लोग: 29

### राजकोट में होगा विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार

प्लेन हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के घर उनके परिवारवालों से मिलने के लिए जानने वालों का पहुंचना जारी है। रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जायेगा। डीएनए टेस्टि का परिणाम आने के बाद अंतिम संस्कार की तारीख तय होगी।

### अब तक 9 बोइंग विमानों की वन टाइम सेफ्टी चेक पूरी

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद बोइंग ड्रीमलाइनर 787 सीरीज के विमानों की जांच बढ़ाने का आदेश जारी किया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने शनिवार को कहा कि 8 बोइंग 787 सीरीज के विमानों की पहले ही तत्काल जांच और निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे विमानों की जांच आगे बढ़ेगी रिपोर्ट आयेगी। उस आधार पर आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। उधर, एअर इंडिया ने कहा कि एविएशन मिनिस्ट्री के आदेश के बाद अब तक 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर का वन टाइम सेफ्टी चेक पूरी हो चुकी है। बाकी के 24 बोइंग विमानों की जांच की जानी है।

# इजराइली हमले में 138 इरानियों की मौत

**इजराइली रक्षा मंत्री की धमकी, मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे**

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और इरान के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी है। पिछले दो दिनों में इरान में 138 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात दूसरी बार इरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किये। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गयी। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले इरान में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गये थे। इनमें 9 न्यूक्लियर वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा इरानी कमांडर शामिल थे। इरान ने भी शुक्रवार रात इजराइली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजराइल में अब तक तीन लोगों की मौत की खबर है। सात जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। इरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजराइली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की है इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को इरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर इरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजराइल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे।



### एक नजर में इजराइल और इरान में टकराव

- इजराइल ने 200 फाइटर जेट्स से ईरान के कई ठिकानों पर हमला किया
- इजराइल ने इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया
- इजराइली ऑपरेशन में ईरान के 6 वैज्ञानिक, 20 मिलिट्री कमांडर मारे गये
- ईरान ने पलटवार किया, इसे 'ट्रू प्रॉमिस थ्री' नाम दिया 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं
- इरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से इजराइली रक्षा मंत्रालय को हिट करने का दावा किया
- इजराइली निशाने पर थी नतांज अंडरग्राउंड लैब

# टीम ने हॉस्टल की छत पर मलबे की जांच की

**मृतकों के परिजनों से संपर्क के लिए 230 टीमें बनायी गयीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** एसएसजी, एनडीआरएफ, सीआइएसएफ, एफएसएल, एयरफोर्स, फायर रेस्क्यू फोर्स, एएआइबी और डीजीसीए की टीमों ने अहमदाबाद में डॉक्टरों के हॉस्टल की छत पर पहुंचकर फ्लाइट के मलबे की जांच की। साथ ही छत में फंसे प्लेन के पिछले हिस्से को निकाला गया। उधर, गुजरात पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क के लिए 230 टीमें बनायी गयीं हैं। साथ ही बीजे कॉलेज का हॉस्टल को खाली करा दिया गया है।

**मृतकों में गुजरात के 18 जिलों के लोग शामिल:** गुजरात के स्टेट इमरजेंसी कमिश्नर आलोक पांडे ने कहा कि अहमदाबाद प्लेन हादसे में मरने वालों में राज्य के 18 जिलों के लोग हैं। हमने पीड़ित परिवारों से संपर्क किया है। इसके लिए 230 टीमें बनायी हैं। शवों को उनके परिजनों को सौंपना शुरू किया है। जिन लोगों ने डीएनए सैंपल दिया है, ऐसे में जब वे शव लेने आयें तो फोटो आइडी कार्ड साथ लायें। अगर वे नहीं आ सकते हैं, तो उनके करीबी रिश्तेदार सबूत के साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद नगर निगम तुरंत डेथ सर्टिफिकेट देगी। शवों को पुलिस की निगरानी में गंतव्य तक पहुंचाया जायेगा। बीजे कॉलेज के हॉस्टल को खाली कराया जा रहा है। उनके अस्पताल भवन में रहने की व्यवस्था की गयी है।







### अमेरिका में 2 सांसदों को घर में घुसकर गोली मारी

**मिनेसोटा।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गयी। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गयी है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गयी हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जायेंगे। यह जानकारी मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने दी है। उन्होंने कहा कि यह हमला राजनीतिक वजह से किया गया लगता है। वाल्ज ने कहा कि पुलिस को मिनियापोलिस के पास के दो इलाकों- चैंपलिन और ब्रुकलिन पार्क में गोलीबारी की सूचना मिली थी। हम मामले को गंभीरता ले रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों सांसदों के घर एक दूसरे से कुछ मील की दूरी पर चैंपलिन और ब्रुकलिन पार्क में हैं। सीनेटर हॉफमैन और उनकी पत्नी यवेटे को चैम्पलिन में शनिवार सुबह लगभग 2 बजे, भारतीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे गोली मारी गयी थी। हॉफमैन को कम से कम दो गोलियां लगीं और यवेटे को तीन बार गोली मारी गयी। कपल के साथ उनकी बेटी होप भी रहती हैं। हालांकि, घटना के वक्त वह घर में थीं या नहीं, इस बारे में जानकारी नहीं दी गयी है। वहीं, मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क पर ब्रुकलिन पार्क इलाके में हमला हुआ। पुलिस ने तुरंत इलाके में खोजबीन शुरू कर दी है और एक संदिग्ध की तलाश की जा रही है।








## एक बार फिर बायोम के स्टूडेंट्स का बेहतरीन प्रदर्शन

# सिद्धार्थ एआइआर 373 के साथ बने टॉपर

**संस्थान के 1621 स्टूडेंट्स ने क्वालीफाई किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही देश के जाने माने मेडिकल कॉलजों में नामांकन का रास्ता साफ कर लिया है। इसमें बायोम इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनायी है। वे संस्थान में दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र हैं। इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, मोहम्मद ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मोहम्मद तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किये हैं। संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी। जिसमें से 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने सभी प्रकार के डाउट को दूर करने में मदद किये, पैटर्न के अनुसार बेहतरीन स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराया गया, लगातार मॉक टेस्ट ले कर गलतियों को सुधरवाया गया। वहीं रिजल्ट आने के बाद संस्थान में उत्साह और उमंग का माहौल नजर आया। सफल छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी संस्थान पहुंचे।




### कठिन पेपर के बावजूद भी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है : पंकज सिंह

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि नीट यूजी 2025 की परीक्षा में कठिन पेपर थे। इसके बावजूद भी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। कई स्टूडेंट्स ने झारखंड के टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनायी है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्र छात्राओं को देश के जाने-माने मेडिकल कॉलेजों में नामांकन का अवसर मिलेगा। नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।

**रैंकर, रेसर और रनर बैच का शानदार प्रदर्शन :** बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। रैंकर, रेसर और रनर बैच के 115 छात्र छात्राओं ने नीट यूजी की परीक्षा में शामिल हुए, इसमें 103 छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें संस्थान का टारगेट बैच 26 जून से, फाउंडेशन बैच 3 जुलाई से, लक्ष्य बैच 3 जुलाई से शुरू होगा।

## सरला बिरला के छात्रों ने नीट (यूजी) 2025 में सफलता प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नीट (यूजी)-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सरला बिरला पब्लिक स्कूल के जयवर्धन जयसवाल ने कैटेगरी रैंक 2626 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।


इसके अतिरिक्त सिमरन, भूमि केशरी, शान्वी स्नेहल, कृतिका, वैष्णवी सिंह, पलक केशरी, इशिका मोदी, वेणु वैभव चौधरी, निम्मी नम्रता और शिल्पी श्रेया ने नीट (यूजी) 2025 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है।

प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।




## नीट यूजी-2025 की परीक्षा में श्रेष्ठ कुमार जायसवाल प्रथम बार में एआइआर-14660 प्राप्त कर हुए सफल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी के जाने-माने चिकित्सक डॉ संजय जायसवाल व डॉ सीमा कुमारी के पुत्र श्रेष्ठ कुमार जायसवाल नीट यूजी-2025 की परीक्षा में पहली बार शामिल होकर ऑल इंडिया में 14660 रैंक प्राप्त कर सफल रहे। श्रेष्ठ ने राजधानी के आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड से परीक्षा की तैयारी की थी। एइसीएल के कुशल एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने प्रथम बार में ही अखिल भारतीय स्तर की इस कठिन प्रतिस्पर्द्धात्मक परीक्षा में सफलता प्राप्त की। श्रेष्ठ ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अभिभावक व एसइसीएल के शिक्षकों को दिया।



# नीट 2025 में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने लहराया परचम

**5400 से अधिक छात्रों ने पायी सफलता**

**527 छात्रों का सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की उम्मीद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नीट 2025 के परिणाम में एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रौशन किया है। परिणाम घोषित होते ही गोल के छात्रों में उत्सव और जश्न का माहौल है। इस वर्ष गोल इंस्टीट्यूट के 5400 से अधिक छात्रों ने नीट में क्वालिफाई किया है, जिनमें से लगभग 527 छात्रों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयन की संभावना जतायी जा रही है। शुभजीत राज ने 630 अंक प्राप्त कर जेनरल केटेगरी से 236वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गोल परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें गोल में पढ़ाई के साथ-साथ परिवार जैसा माहौल मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास हमेशा ऊंचा रहा। गोल का टेस्ट एवं मार्गदर्शन हमारे सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। साबिर अंसारी ने 627 अंक प्राप्त कर जेनरल से 301वीं ऑल इंडिया रैंक एवं ओबीसी में 79वीं रैंक हासिल की। उन्होंने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट में उन्हें नवीनतम प्रतिस्पर्धात्मक पैटर्न पर आधारित पढ़ाई, अनेक टेस्टों के माध्यम से अभ्यास, और सेमिनार, वेबिनार व व्यक्तिगत काउंसलिंग द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जो उनके सफलता की कुंजी बना। साक्षी सिन्हा ने 615 अंक प्राप्त कर 632वीं ऑल इंडिया जेनरल रैंक एवं ओबीसी में 171 वीं रैंक हासिल की। उन्होंने कहा कि गोल एजुकेशन विलेज का एकेडमिक वातावरण और बोर्ड व प्रतियोगिता दोनों की संयुक्त तैयारी की रणनीति उनके लिए बेहद कारगर रही। इसके अलावा गोसिआ फिरदौस 612 अंक लाकर ऑल इंडिया ओबीसी में 87 रैंक प्राप्त की, नफीसा निगार 615 अंक के साथ ऑल इंडिया ओबीसी केटेगरी से 235 रैंक प्राप्त की एवं आदित्य धनराज 601 अंक के साथ ऑल इंडिया जेनरल रैंक 1301 प्राप्त किया एवं इसके साथ सैकड़ों अन्य गोल के छात्र सफलता प्राप्त किये। इस अवसर पर गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और इस शानदार परिणाम पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का सफल होना गोल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्र-केंद्रित रणनीति का परिणाम है। संस्थान के सह-निदेशक रंजय सिंह ने कहा कि इस बार नीट में कठिन प्रश्न पूछे गये थे, इसके बावजूद गोल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कुल 5432 छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है, जिनमें से 527 छात्रों के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चयन की उम्मीद है। आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने बताया कि नये सत्र के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। छात्र टारगेट, फाउंडेशन और एचीवर कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।




## डीपीएस रांची का नीट 2025 में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2025 में एक बार फिर से अपना दबदबा कायम किया है। इस प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा में डीपीएस रांची के छात्रों ने अपनी मेधा शक्ति और अनवरत परिश्रम के बल पर शानदार प्रदर्शन किया है। डीपीएस रांची के 20 से अधिक छात्रों ने इस प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अरमान अहमद ऑल इंडिया रैंक (एआइआर) 3369 एवं कैटिगरी रैंक 1766 हासिल कर विद्यालय के टॉपर बने। 581 (99.8445221 प्रतिशत) लाया है। कुमार मनस्वी एआइआर 12797, कैटिगरी रैंक 5570, स्कोर 549 (99.4153397 प्रतिशत), युवराज गुप्ता एआइआर 20162, कैटिगरी रैंक 9021, स्कोर 535 (99.0592115 प्रतिशत) प्रिंस गुप्ता एआइआर 29669, कैटिगरी रैंक 13701, स्कोर 523 (98.6512121 प्रतिशत) लाया है। प्रधानाचार्य डॉ जया चौहान ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया और उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन विद्यालय की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।




## जोशा काउंसलिंग के फर्स्ट राउंड में डीपीएस रांची के प्रसून को मिला एसपीए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ एडवांस के रिजल्ट के बाद जोशा काउंसलिंग के प्रथम राउंड का सीट एलोकेशन इसकी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। डीपीएस के प्रसून प्रवर को इस राउंड में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर(एसपीए), नयी दिल्ली आवंटित हुआ है। यह संस्थान प्रसून को जेइइ मेन टू के बी प्लानिंग में ऑल इंडिया रैंक 68 प्राप्त होने के कारण मिला है। देश में 1941 में स्थापित इस संस्थान को आइआइटी एवं आइआइएम की तरह भारत सरकार के द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दर्जा से नवाजा गया है। भारत में तीन एसपीए हैं जो दिल्ली के अतिरिक्त भोपाल एवं विजयवाड़ा में हैं। बी प्लानिंग में टॉप स्टूडेंट्स को टाऊन प्लानिंग, एनवायरमेंट प्लानिंग, अर्बन प्लानिंग, ट्रांसपोर्ट प्लानिंग आदि में दक्षता प्रदान की जाती है। प्रसून जोशा के एलोकेशन पर प्रसन्नता जाहिर किये हैं और अगले राउंड्स में उन्हें पसंद की आइआइटी भी मिलने की उम्मीद है।



## एक्वा वर्ल्ड में 'डांस रांची डांस' का 'ग्रांड फिनाले' संपन्न

# निर्मला को सीनियर में और जूनियर में आकृत को डांसिंग संसेशन का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में समर कार्निवल श्रृंखला 2025 के अंतर्गत बीते छह शनिवार को डांस प्रतियोगिता के प्रारंभिक और एलिमिनेशन राउंड का आयोजन किया गया था। शनिवार को इस डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले था। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव ने दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक और कार्यक्रम संयोजक देव ज्योति नाहा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में खुशहाल आर्यन और नमिता सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि में पांपा सेन विश्वास, डेविड, गौतम, नीतू और उपासना उपस्थित थे। सभी अतिथियों और निर्णायकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने भी डांस रांची डांस के ग्रैंड फिनाले में शानदार नृत्य पेश किया। प्रतिभागियों ने छम्मा छम्मा, दिलजलों का दिल जला कर क्या मिलेगा दिलरुबा, लैला मैं लैला, ओ साकी साकी रे, गीतों पर लोगों को नृत्य कर झुमा दिया। इस अवसर पर दर्शकों की मांग पर विपुल नायक ने 'कोई शहरी बाबू 'और डी जे सर 'मैं तेरी जोगनिया' गीतों पर नृत्य की विशेष प्रस्तुति की। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



**परिणाम**

**जूनियर वर्ग**

पहला पुरस्कार (डांसिंग संसेशन)- आकृति भारद्वाज

दूसरा पुरस्कार- त्रिशा डे

तीसरा पुरस्कार - अनन्या मंडल

**सीनियर वर्ग**

पहला पुरस्कार (डांसिंग संसेशन)- निर्मला

दूसरा पुरस्कार - मानसी

तीसरा पुरस्कार - आराध्या पांडेय

**आज फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम**

रविवार,15 जून को शाम 5:30 बजे फादर्स डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के साथ ही समर कार्निवल श्रृंखला का समापन हो जायेगा।



## टेंडर हार्ट स्कूल : छात्रों की नीट 2025 में शानदार उड़ान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक नीट 2025 में सफलता का परचम लहराते हुए एक बार फिर विद्यालय की उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। विद्यालय की होनहार छात्राएं वर्णिका सिंह, दिव्या कुमारी, कुमारी खुशी एवं छात्र अंजनी कुमार ठाकुर सहित अनेक विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया रैंक 7000 से लेकर 12000 के भीतर स्थान प्राप्त किया है। विगत वर्षों की प्रवेश प्रक्रिया को देखते हुए इन विद्यार्थियों का देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एम्स में चयन की प्रबल संभावना है। इस उपलब्धि से न केवल छात्रों ने अपने परिवार और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है, बल्कि यह पूरे झारखंड के लिए गर्व का क्षण बन गया है। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि टेंडर हार्ट स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि वह स्थान है जहां बच्चों के सपनों को आकार, दिशा और उड़ान दी जाती है। यह सफलता केवल अंकों या रैंक की जीत नहीं है, यह उस सतत परिश्रम की जीत है जो हर सुबह स्कूल की घंटी से पहले शुरू होता है और शिक्षकों की आंखों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जलती आशा की लौ से जुड़ा होता है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती, उप-प्राचार्या शिवांगी शुक्ला एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।








आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 जून, 2025
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### जेके सेल्स ने नयी बाइक लांच की



रांची (आजाद सिपाही)। रांची की सबसे सस्ती और बढ़िया स्कूटी उपलब्ध करने के बाद अब जेके सेल्स में एक नयी बाइक लांच किया गया है, जिसकी शुरुआती कीमत 95000 रुपये ऑन रोड है, जो एक चार्ज में 80 किमी चलती है, जिसकी 3 साल की फुल वारंटी दी जा रही है और ये फास्ट चार्जिंग सुविधा के साथ मिलती है जो कि मात्र 3 घंटे में फुल चार्ज हो जाती है, इस बाइक में कोई लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं है और यह पूर्ण रूप से भारत में निर्मित बाइक है जो चलने में बहुत ही स्मूथ और आरामदायक है, यहां 170 किमी रेंज चलने वाली स्कूटी भी 59,999 रुपये में उपलब्ध है। ज्यादा जानकारी क लिए पिस्का मोड़, लकड़ी टाल के समीप संपर्क कर सकते हैं। स्कूटी में एक साल की वारंटी दी जा रही है। पर्यावरण की सुरक्षा, ईंधन की बचत, बिना लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन, इस स्कूटी और बाइक की खासियत है।

### चंद्र प्रकाश चौधरी ने रिम्स जाकर सुखलाल महतो का हाल-चाल जाना



रांची (आजाद सिपाही)। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रिम्स जाकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे सुखलाल महतो का हाल चाल जाना। उन्होंने इलाज कर रहे डाक्टरों से भी बात चीत की। उन्होंने रिम्स प्रबंधन से मिलकर सुखलाल महतो के बेहतर से बेहतर इलाज को लेकर भी चर्चा की। साथ ही परिजनों से भी मुलाकात की।

### हॉस्टल खाली कराने पहुंची पुलिस टीम का छात्रों ने किया विरोध



रांची (आजाद सिपाही)।रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर स्थित नवीन सरना कॉलेज हॉस्टल खाली कराने पहुंची पुलिस टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के कारण पुलिस ने कार्यवाही को रोक दिया है और छात्रों को समझाने की कोशिश कर रही है। शनिवार को मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल हॉस्टल खाली कराने पहुंची थी। लेकिन हॉस्टल में रह रहे छात्रों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान तैनात थे। बिशु उरांव नामक व्यक्ति हॉस्टल की जमीन पर दावेदारी कर रहा था। इसको लेकर कोर्ट में केस भी चल रहा था। जहां से कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया है और जिला प्रशासन को दखलदिहानी दिलाने का आदेश दिया है।

### डीएवी बरियातू में समर कैंप का समापन, बच्चों को मिला प्रमाण पत्र




रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में छह दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को हुआ। पिछले छह दिनों में प्रतिभागियों ने स्पोर्ट्स, म्यूजिक और आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। स्पोर्ट्स में क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, नेटबॉल और बालीबॉल में विद्यार्थियों ने अपने रुचि के अनुरूप खेल में भाग लिया। म्यूजिक में वैदिक गीत, देशभक्ति गीत, स्वागत गान और गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स की गतिविधियों के अंतर्गत स्टेंसिल कट आउट, प्रिंट मेकिंग, क्ले मोल्डिंग, मास्क मेकिंग, बॉटल आर्ट, फोल्क आर्ट और लेटर डिजाइनिंग के गुर विद्यार्थियों को बताये गये। समर कैंप में दूसरी कक्षा से नौवी कक्षा के विद्यार्थी स्पोर्ट्स, म्यूजिक और कला संकाय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में शामिल हुए। कैंप के समापन दिवस पर प्रतिभागियों के बीच एक संक्षिप्त कार्यक्रम में शामिल होने पर बच्चों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि समर कैंप विद्यार्थियों के उनके रुचि अनुसार कौशल विकसित करने और अपनी प्रतिभा का आंकलन करने और उसे तराशने का एक सशक्त माध्यम है।

### तनिष्क लाया आज तक का सबसे बड़ा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर

रांची (आजाद सिपाही)। सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर, भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क ने बहुत ही बेहतरीन, आश्चर्यजनक गोल्ड एक्सचेंज ऑफर की घोषणा की है, जिसमें ग्राहकों को एक्सचेंज किये गये पुराने सोने पर 2 कैरेट तक अतिरिक्त मूल्य पाने का अवसर मिलेगा। 30 जून 2025 तक चलने वाले इस सीमित अवधि के ऑफर में सोने के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइए 1 कैरेट अतिरिक्त। हीरों के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर पाइये 2 कैरेट अतिरिक्त। उदाहरण के तौर पर, अगर आप नया प्लेन सोने का आभूषण खरीद रहे हैं तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना = 21 कैरेट और नया स्टडेड डायमंड आभूषण खरीद रहे हैं तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना = 22 कैरेट बन जायेगा। आपको एक्सचेंज किये गये हर कैरेट के बदले मिलेगा अधिक मूल्य। यह ऑफर केवल नॉन-तनिष्क ज्वैलर्स से खरीदे गये पुराने सोने पर लागू है। ग्राहकों को आधुनिक, बहुत ही बेहतरीन और शानदार तनिष्क आभूषणों में अपग्रेड करते हुए अधिकतम मूल्य पाने में मदद करना इसका उद्देश्य है। तनिष्क की गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी 3 मिलियन से अधिक ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय समाधान बन चुकी है, जिन्होंने पहले ही अपने पुराने आभूषणों को ऐसे आभूषणों के लिए एक्सचेंज किया है जो उनकी स्टाइल और जरूरतों के अनुरूप हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शी है, कैरेटमीटर द्वारा सोने की शुद्धता की जांच की जाती है और ग्राहकों को गारंटीड सर्वोत्तम मूल्य दिया जाता है, ताकि उन्हें उनके एक्सचेंज से अधिकतम लाभ मिल सकें। जैसे-जैसे सोने की दरें कम-ज्यादा होती हैं और डिजाइन, पसंद, प्राथमिकताएं बदलती हैं, तनिष्क ग्राहकों को उनके पुराने आभूषणों से सर्वोत्तम मूल्य और कई तरह के शानदार डिजाइन पाने का सुनहरा अवसर देता है।

# राज्य में जैविक खेती की अपार संभावनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

**झारखंड में पहली बार जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने के लिए बायर एंड सेलर मीट 2025 का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में पहली बार जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने की सोच के साथ बायर एंड सेलर मीट 2025 का आयोजन रांची में शनिवार को किया गया। ओफाज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में केन्या के साथ-साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बायर एंड सेलर मीट 2025 का उदघाटन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। अगले 10 वर्षों में जैविक बाजार में 20 प्रतिशत तक के ग्रोथ की संभावना है। ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि झारखंड इस दौड़ में कहां रहेगा? आज का आयोजन एक छोटी सी शुरूआत जरूर है पर इसका उद्देश्य बहुत बड़ा है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता- विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मीट (बयार एंड सेलर मीट 2025) का आयोजन जैविक उत्पाद की वर्तमान स्थिति, चुनौती और बाजार को समझने के साथ भविष्य की योजना तैयार करना है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। पहले से कई और राज्य भी इस दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं। झारखंड के किसानों के लिए एक एसओपी तैयार कर ऐसे राज्यों का दौरा कराना चाहिए। ओफाज को इस दिशा में काम करने की जरूरत है। जैविक खेती को लेकर किसानों को मानसिकता बदलने की जरूरत है और ये तभी संभव होगा जब किसान जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है और ये काम एफपीओ के जरिए ही संभव है। जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे, बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने पर काम करना होगा। एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट मुहैया कराने के लिए ओफाज को कार्य योजना बनाना होगा जिसमें सब्सिडी के तहत एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने में मदद पहुंचायी जा सकती है। इस मौके पर विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीक ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है। मौके पर ओफाज के सीइओ विकास कुमार, भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, एपेक्स सोसाइटी से राकेश कुमार, अभिनव मिश्रा सहित विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### बायर एंड सेलर मीट 2025 में खास

रांची में बायर एंड सेलर मीट 2025 के मौके पर आम और जैविक उत्पाद की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। इस प्रदर्शनी में मालदा से लेकर आम्रपाली तक स्टॉल में मौजूद थे। स्टॉल पर रसीले आम की खरीददारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा। वहीं दूसरी तरफ जैविक उत्पाद के स्टॉल ने भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

### 12 उप परियोजना निदेशक को मिला चयन पत्र

बायर एंड सेलर मीट 2025 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आत्मा के अंतर्गत संविदा आधारित 12 उप परियोजना निदेशक को चयन पत्र दिया। चयन पत्र पाने वालों में मो जावेद इस्लाम, चंद्रमोली, बबलू सिंह, रमेश कुमार, शमीम अंसारी, अमिताभ माझी, मोतीलाल, दिनेश कुमार रजवार, संधीर कुमार खलखो, कंचन कुमार सुमन, नीरा साबित जोजो और जीतवाहन मुर्मू शामिल हैं। उप परियोजना निदेशक के आने से कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक की जानकारी किसानों तक आसानी से उपलब्ध हो पायेगी।

# जहां से विज्ञान खत्म होता है, वहीं से शुरू होती है भागवत : श्रीकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन भवन के सभागार में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य यजमान लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया ने श्रीमदभागवत और ब्यास पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्रीकांत शर्मा को मुख्य यजमान ओम प्रकाश केडिया चंदन और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईश्वर से जगत है, जगत से ईश्वर नहीं, क्योंकि हम सभी लोगों के जन्म का कारण भगवान है। शिवात्मा परमात्मा दो नहीं है। भागवत के परमतत्व को जानें, जहां से विज्ञान खत्म होता है वहीं से भागवत प्रारम्भ होती है। भागवत किताब नहीं, भगवान की मंगलाचरण पर चर्चा करते हुए श्रीकांत शर्मा महाराज ने बताया कि महाभारत खंड, परीक्षित कथा के प्रसंग पर भी अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा की। उन्होंने कहा कि साधना करें, लेकिन नियम के साथ होनी चाहिये। जिस तरह से जल की पतली धार पत्थर को तोड़ देती है उसी तरह से नियम के साथ की गयी साधना अहंकार के पत्थर को तोड़ कर श्रीबांके बिहारी लाल जी की दर्शन कराती है । इसके पूर्व मेन रोड हनुमान मंदिर के त्यागीजी, श्री हनुमान मंडल, मारवाड़ी सहायक समिति, रांची गोशाला के ट्रस्टी ओम प्रकाश छापड़िया ने गुरुजी को माला पहनाकर, अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर राजेंद्र केडिया, मनोज चौधरी, किशन पोद्दार,सजन पाड़िया, प्रवीण मोदी, निर्मल बुधिया, हनुमान बेड़िया, रामअवतार फोगला, नारायण अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, प्रकाश धेलिया, ओमप्रकाश केडिया ,निरंजन केडिया, अजय केडिया, संजय केडिया, निर्मल बुधिया,प्रमोद सारस्वत सहित अन्य मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में 160वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 160 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। पुलाव, आलू चना दाल, कद्दू का मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, आमरस, खीर, चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। इसमें लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंडल के सदस्य विश्वनाथ नारसरिया, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा, अविरल शर्मा, दिया शर्मा, श्रवण ढानढनिया, गौरव अग्रवाल, मोनू, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोज महेश्वरी, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, रोहन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। मंगलवार को 158वां सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन होगा।

# तालाब बनाओ-पानी बचाओ को लेकर मंथन

**डिस्टीलरी तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर कोकर में हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डिस्टीलरी छठ पूजा समिति चुना भट्ठा के अध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में शनिवार को डिस्टीलरी तालाब को पुनः जीर्णोद्धार के लिए लोगों ने बैठक की। इस बैठक में मुख्यरूप से रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व पार्षद सुजाता कच्छप, रौशनी खलखो, वीणा अग्रवाल, अर्जुन यादव, भाजपा नेता आदित्य विक्रम जयसवाल मौजूद रहे। इस बैठक का संचालन सोनू मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार ने किया। इस बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित सांसद संजय सेठ ने कहा कि तालाब के पुनः निर्माण से जल संचय होगा। भू जल का स्तर ऊपर उठेगा। इससे सूखे की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि रांची के हर क्षेत्र में ऐसे तालाब जो अतिक्रमित हो रहे उसे बचाना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा की जल, जंगल, जमीन ही हमारी पहचान है। डिस्टीलरी छठ तालाब के अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि डिस्टीलरी तालाब को पार्क का प्रारूप देने से तालाब का अस्तित्व खतरे में है। तालाब क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोगों का बोरिंग फेल हो जा रहा है। लोगों को पीने के पानी की समस्या हो रही है। तालाब का जीर्णोद्धार होने से पानी की समस्या में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि तालाब का जीर्णोद्धार से छठ पूजा में भी आम जनमानस को पूजा करने में आसानी होगी। इस जनता बैठक में रमेश सिंह, सुभाष अग्रवाल, बजरंग वर्मा, नवीन सिंह, केके दयाल, रणधीर सिंह, प्रो. ज्ञान सिंह, हितेंद्र कंचन सिंह, सुभाशीष पाल, अनुज कुमार, राजेश प्रजापति, अमरनाथ शर्मा, सनी पासवान, संतोष लकड़ा, अनिल अग्रवाल, पवन सिंह, अजनेश सिंह, चंदन शर्मा, ललिता देवी, किरण बाखला, संतोषी स्वासी, ललिता पंडित, रेखा देवी, लक्ष्मी दांगी, आशा देवी, उषा देवी, कल्पना कुमारी, निराला पांडेय, अर्जुन ठाकुर, मानिक चंद्र ठाकुर, प्रदीप सिंह, रूबी देवी, प्रदीप रवि, निरंजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बंटी पासवान, प्रवीण पासवान, बबलू सिंह, संजीत लोहरा, रविंद्र महतो, मनोज पासवान, अमरेश झा, सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

# 22 जून को ऐतिहासिक रूप से मनायेंगे बलिदान दिवस : सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में लगे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने में स्वयं जुट गये हैं। उन्होंने शनिवार को अपने बुकरू स्थित आवास में कांके विधानसभा और कल देर रात ओरमांझी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। महतो ने कहा कि आगामी 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत झारखंड बना है। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, युवा नेता संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया।

महतो कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत और ग्राम का दौरा कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में राज्य की राजनीतिक दिशा ठीक नहीं हैं। राज्य में भ्रष्टाचार और लूट का बाजार गर्म है। जनसमस्याओं का समाधान करने में पदाधिकारियों की रुचि नहीं दिखती। युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर हेमंत सरकार सो गयी है। ऐसे माहौल में आजसू पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभायेगी। कांके विधानसभा की बैठक में रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पार्वती देवी, सत्यनारायण मुंडा, नागेश्वर महतो, रूपलाल महतो, संजीव महतो, अभिषेक राज हेरेंज, मीना देवी, सूरज मिश्र, मोजिबुल रहमान, किशोर महतो, विकास चौहान, रामविलास गोप, शत्रुघ्न महतो, राजेश उरांव, रूपा गाड़ी, कमला देवी, अजीत कश्यप, मनोज महतो, सचिन महतो, दीपक दुबे आदि उपस्थित थे।

# भाषा के नाम पर लोगों को लड़वा रही राज्य सरकार : अमित मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि राज्य सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले। यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है। भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है। अमित मंडल शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश सरकार कर रही है। मंडल ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया। खूंटी से मुंडारी, पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना क्यों हटाया गया। भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया। हेमंत सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके। अमित मंडल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि भाषाओं के साथ यह अन्याय जारी रहा तो भाजपा और जनजातीय समाज मिलकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनआंदोलन चलायेंगे।

सत्ता पक्ष के मंत्री-विधायक एवं सांसद से पूछा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर बतायें कि पलामू-गढ़वा में मगही बोली जाती है या नहीं। अंगिका में शपथ लेने वाली दीपिका पांडेय सिंह को पता नहीं की गोड्डा में अंगिका भी बोली जाती है। मंत्री संजय यादव को भी नहीं पता क्या की गोड्डा में अंगिका बोलने वालों की बहुलता है। सांसद कालीचरण मुंडा बताये कि खूंटी में मुंडारी बोली जाती है या नहीं, यदि हां तो उसे हटाया क्यों गया।

### भाषा को लेकर राजनीतिक दुकान खोलना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड में भाषा को विवाद का विषय बनाकर भाजपा अपनी राजनीतिक दुकान खोलना चाहती है, लेकिन उनकी राजनीतिक दुकान खुलने से पहले ही महागठबंधन सरकार बंद करा देगी। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार जनता को बरगलाने की असफल कोशिश कर रही है। लेकिन झारखंड के युवा आश्वस्त रहें कि भाषा किसी विवाद का विषय नहीं बन सकता है। अभी जेटेट नियमावली के तहत भाषा की सूची जारी नहीं हुई है, भाषा के क्षेत्रवार चयन का कार्य प्रारंभिक चरण में है। महागठबंधन सरकार झारखंड के युवाओं के रोजगार के लिए चिंतित हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**ELECTRICAL**

**निविदा सूचना संख्या: RP/ECR/DNR/EL/PMS/GHD-SEB दिनांक: 10.06.2025**

1. कार्य का नाम एवं स्थान: Request for proposal (RFP) appointment of project management consultancy (PMC) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between Garhwa-Sonnagar Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway 2. कार्य का अनुमानित लागत: रुपये 46947934.55/– 3. निविदा फार्म की कीमत: रुपये 0.00/– 4. आवश्यक बयाना राशि: रुपये 384700.00/– 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–22.07.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 05.08.2025 को 15:00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी: मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर
भारत के राष्ट्रपति की ओर से

पीआर/0395/आरपी/डीएनआर/टी/25–26

# एक और युद्ध?

इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है, बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा।

**नया ऑपरेशन :** इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किये गये हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**छिड़ेगी जंग :** ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गये। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आइआरजीसी) के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है।

**इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है।**

**दुष्प्रभावों की शुरुआत :** इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13% बढ़ गयीं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाये और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाये। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था।

**अमेरिका से बातचीत :** इजरायल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। यह बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गयी इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गयी हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है।

**ईरान का रुख :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। वह खुद को इजरायल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या अमेरिकी दूतावासों एवं अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है, जहां से 21% ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है

अभिमत
आजाद सिपाही

**फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास मैला आंचल हिंदी साहित्य का एक पवित्र धर्मग्रंथ है, जिसमें ग्रामीण भारत का दिग्दर्शन होता है। इस उपन्यास में ग्रामीण भारत का हरएक स्वाद है। सरलता से लेकर चालाकी तक, करिश्माई सुंदरता से लेकर निर्लज्ज कुरूपता तक, घोर अन्याय से लेकर गंभीर धार्मिकता तक। कुछ भी छूटता नहीं है। रेणुजी का तर्क है कि उनका देश अभी भी एक उपनिवेश है, मूल्य और व्यवहार दोनों के संदर्भ में। यह उपन्यास में 1945 से 1948 तक बिहार के एक छोटे से गांव में रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है।**

# भारत भ्रमण के बिना उसकी आत्मा का दर्शन




डॉ मयंक मुरारी

खुद का अध्ययन करना मुश्किल है, इसलिए जीवन का अध्ययन किया जाता है। जीवन को जानना है तो समाज को समझना पड़ता है। समाज यानी गांव, शहर, परिवार। इसमें भी गांव वह जगह है, जहां भारत बसता है। इसलिए भारत भ्रमण के बिना उसकी आत्मा के दर्शन का गांव सहज माध्यम है। भारत के जीवन को देखना है, आदमी के विविध रंगों को समझना हो, तो भारतीय गांव एक आदर्श जगह है। दिन का जितना क्षण हम गांव में व्यतीत करते हैं, जीवन को कुछ अर्थ मिलता है। जीवन में रंग और रस का संचार होता है। जीवन आरोहण करता है। गांव में कथाएं हैं, परंपराएं हैं, गति है तो उसका एक स्वाद है। फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास मैला आंचल हिंदी साहित्य का एक पवित्र धर्मग्रंथ है, जिसमें ग्रामीण भारत का दिग्दर्शन होता है। इस उपन्यास में ग्रामीण भारत का हरएक स्वाद है। सरलता से लेकर चालाकी तक, करिश्माई सुंदरता से लेकर निर्लज्ज कुरूपता तक, घोर अन्याय से लेकर गंभीर धार्मिकता तक। कुछ भी छूटता नहीं है। रेणुजी का तर्क है कि उनका देश अभी भी एक उपनिवेश है, मूल्य और व्यवहार दोनों के संदर्भ में। यह उपन्यास में 1945 से 1948 तक बिहार के एक छोटे से गांव में रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है। यहां उनके कष्टों और क्लेशों का वर्णन मिलता है।

**लेखक ने खुद ही कहा है कि फूल भी हैं शूल भी हैं, गुलाब भी हैं, रंग भी हैं, चंदन भी हैं, प्राकृतिक भी हैं, कुरूपता भी हैं।**

इस उपन्यास को पढ़ने के दौरान हर बार यह विचार आता कि आखिर इसका नाम मैला आंचल क्यों रखा गया है। इस शब्द का इस्तेमाल पुस्तक में कई बार किया गया है और महिलाओं के जीवन के विभिन्न बिंदुओं जैसे लक्ष्मी, कमली और भारत माता को संदर्भित किया गया है। मुख्य संदर्भ भारत की ओर था, जिसे मां माना गया है और जिसका आंचल (साड़ी का सजावटी हिस्सा जो या तो सिर पर रखा जाता है या कंधे पर लटकाया जाता है) इस समाज के कुछ लोगों के कार्यों के कारण खराब हो गया है। ये लोग पहले भी थे, आज भी हैं और भविष्य में भी रहेंगे। इनके बावजूद साहित्य के माध्यम से यह कामना किया जा रहा है कि हमें भारत माता के इस आंचल को साफ करने में अपना जीवन लगाना चाहिए। कदाचित यह आंचल आज भी उतना धवल नहीं है, जितना होना चाहिए। लेखक ने खुद ही कहा है कि फूल भी हैं शूल भी हैं, गुलाब भी हैं, रंग भी हैं, चंदन भी हैं, प्राकृतिक भी हैं, कुरूपता भी हैं। और गांव में राजनीति, गरीबी, प्यार, वासना, अनाचार, धोखा...। सबकुछ है। उपन्यास का शीर्षक सुमित्रानंदन पंत की कविता भारत माता से लिया गया है। खेतों में फैला है श्यामल, धूल भरा मैला सा आंचल, गंगा यमुना में आंसू जल, मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी। मैला आँचल में भी जीवन के यादगार क्षणों का आनंद लेने के कुछ बहुत ही अनोखे तरीके हैं। सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर उस इलाके के विशिष्ट प्रकार के संगीत वाद्ययंत्रों की थाप के साथ मनाया जाता है। ढोल, डिग्गा, मृदुंगा, नगाड़ा और झांझ अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले संगीत वाद्ययंत्र हैं।




यह उपन्यास सन 1954 में प्रकाशित हुआ था। उनसे तीन साल पहले यानी सन 1951 में ताराशंकर बंदोपाध्याय की 'हंसुली बैंकर' उपकथा प्रकाशित हुई थी। दोनों उपन्यासों की पृष्ठभूमि और शैली को बहुत ही शानदार तरीके से देखा जा सकता है। क्षेत्रीय उपन्यास किसी विशेष इलाके की सेटिंग, बोली और सामाजिक संरचना और रीति-रिवाजों पर ही नहीं जोर देता है, बल्कि पात्रों के स्वभाव और उनके सोचने, महसूस करने और बातचीत करने के तरीकों पर भी जोर देता है। गांव की परिस्थितियां, रहन-सहन, विचार, समाज आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे जब यह पुस्तक लिखी गयी थी। इस किताब के कुछ पन्ने पढ़ने के बाद मुझे ऐसा लगने लगा कि मैं गांव का ही एक हिस्सा हूं और घटनाओं को सीधे अनुभव कर रहा हूं। इसमें डॉक्टर साहब का प्रमुख चरित्र है, जो दिल और लंग्स से प्रेम का कोई रिश्ता नहीं मानते, हालांकि कमली को देखने के बाद वो भी महसूस करते हैं कि इस इंसान के शरीर में कोई दिल की सतह जरूर है। कमली अपने प्रशांत पर विश्वास करती है, उसका प्रेम उसकी आस्था पर ही कायम है, जो अंत तक बना रहता है। ममता को डॉकडर का चिट एक बार जरूर दिखाई दिया, लेकिन कमली का विश्वास कहीं और है। प्रशांत गांव में प्यार की खेती करना चाहता है, वह फूलों से भीगी धरती पर प्यार का फसल लहलहायेगा। उपन्यास में ऐसा लगता है कि हम भी उसी गांव के हैं। जादुई भाषा अंत तक छाया है। ढोल नगाड़े, बादल, बिजली..जिस चीज की आवाज नहीं है, उसे हम इस उपन्यास में सुन सकते हैं।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय बिहार (एक भारतीय राज्य) के ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण जीवन का वर्णन करने वाली यह एक उत्कृष्ट कृति है। स्थानीय बोलचाल की हिंदी में लिखते हुए, रेणु ने ग्रामीणों के अशांत जीवन पर गांधीवाद, साम्यवाद, धार्मिक कट्टरवाद और कांग्रेस पार्टी की राजनीति के प्रभावों की वास्तविक तस्वीर को खूबसूरती से चित्रित किया है। मुझे पुस्तक पढ़ने में बहुत मजा आया। इस उपन्यास में राजनीतिक दृष्टिकोण से आ रहे बदलावों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बिहार का आदर्श है। आश्चर्य बस इतना है कि इन सभी का लाभ कभी भी भारत का यह हिस्सा उठा नहीं सका। इस उपन्यास में इन सारी बातों को विशेष रूप से उजागर करने की कोशिश की गयी है। इन सबके बीच एक प्रेम प्रसंग और वह भी ऐसा जिसमें जन्मों की गहराई। इसके माध्यम से प्रेमी और प्रेमिका की मनोस्थिति को पेश किया है। आगे इसी शैली में समाज की समानता को उजागर किया जाता है, और आप ऐसे बंधनों में हैं इन स्तोत्रों के साथ मानो वे सारे आपका अन्वेषित वाला कोई करीबी नहीं हो। इसके मुख्य पात्र डॉक्टर प्रशांत बनर्जी हैं, जो कि पटना के एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज से पढ़ने के बाद कई आकर्षक प्रस्ताव खारिज कर मैरीगंज में मलेरिया और काला-अजर पर शोध करने के लिए जाते हैं। डॉक्टर गांव वालों के व्यवहार से अद्‌भुत है। वह रूढ़ियों को चिह्न नहीं देता और जो लोग गांव द्वारा तिरस्कृत हैं, वह सहारा देता है। इसका सच बताने के लिए और लोगों को सही राह की यही आदत बताने के बाद उसके लिए कठिन कड़ी जारी की जाती है। कहानी के अभिनेता हैं कमली। कोई अज्ञात बीमारी से पीड़ित है, लेकिन डॉक्टर धीरे-धीरे ठीक कर देता है या यूं कहा जाता है कि डॉक्टर खुद ही उसकी बीमारी का इलाज करता है। कमली का दिल विशाल और कोमल है। वह अपनी कहानी को किसी तरह का अभिवंद देना नहीं चाहती। कमली के पिता विश्वनाथ आमिर गांव के अनुयायी हैं और फिर बाद में गायब हो गये कांग्रेस के नेता हो गए हैं। वह इस कहानी में सही मायने में जमींदारी व्यवस्था के प्रतीक हैं, लेकिन उनके दोहरे चरित्र को उपन्यास में दिखाया गया है। घर आने पर वह एक बुद्धिमान और हंसोड़ व्यक्ति हो जाता है और बाहर की यात्रा पर जमीन की लिप्सा से प्रभावित हो जाता है। कहानी के अन्य पात्र किसी ना किसी के वाद के प्रतीक हैं। कोई जातिवाद, कोई समाजवाद तो कोई स्वराज्य आंदोलन का झंडाबरदार है। गोदन के बाद मैला आंचल को हिंदी साहित्य का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास माना जाता है। इस उपन्यास में रेणु जी ने संपूर्ण भारत के ग्रामीण जीवन को चित्रण करने का प्रयास किया है।

## कोल्हान की खबरें

### आरटीआइ कार्यकर्ता को धमकी देने का मामला

# रामचंद्र सहिस ने सिटी एसपी को सौंपा ज्ञापन, गिरफ्तारी की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आरटीआई कार्यकर्ता सह आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल को फोन पर धमकी मिलने के मामले पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने सिटी एसपी कुमार शिवाशीष से मुलाकात की।मौके पर उन्होंने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और जिला सचिव की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।पूर्व मंत्री श्री सहिस ने कहा सूचना मांगने पर पोटका ब्लॉक से धमकी मिलना गंभीर मामला है। अब तक पुलिस द्वारा आरोपी की पहचान नहीं किया जाना चिंताजनक है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय मालाकार मौजूद रहे।

# बोड़ाम में कांग्रेस की बैठक

### जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन का एलान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोडाम।** बोड़ाम प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार महतो ने की। बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित रहे। श्री दुबे ने कहा बोड़ाम और पटमदा प्रखंड के किसानों को अब भी सिंचाई, बिजली, सड़क, जमीन ऑनलाइन और कोल्ड स्टोरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने घोषणा की इन जनसमस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस आंदोलन छेड़ेगी। जरूरत पड़ी, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रखंड के सभी पीड़ित नागरिकों से अपील की वे अपनी समस्याओं के आवेदन कांग्रेस कमिटी तक पहुंचाएं।

बैठक के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अंचल पदाधिकारी को जनसमस्याओं से संबंधित मांग-पत्र सौंपा। बैठक में अशोक कुमार सिंह, खगेनचंद्र महतो, किशन लाल महतो, शफी अहमद खान, सलीम खान, संजय सिंह आजाद, अमित श्रीवास्तव, नलिनी कुमारी, शिशुलाल महतो, सुधांशु महतो, बलराम महतो समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# विधायक सरयू राय ने चलंत मध्याह्न भोजन योजना का किया औचक निरीक्षण

### लाभुकों संग ग्रहण किया भोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने उनकी पहल पर संचालित श्री बालाजी चलंत मध्याह्न भोजन योजना का औचक निरीक्षण किया। शनिवार को विधायक ने कदमा बाजार के समीप चलंत भोजन वाहन से लाभान्वित हो रहे लोगों के साथ भोजन भी ग्रहण किया। यह योजना 4 जून को प्रारंभ हुई थी, जिसका दसवां दिन पूरा होने के उपलक्ष्य में निरीक्षण किया गया। श्री राय ने बताया सिर्फ 5 में कोई भी व्यक्ति चावल, दाल, सब्जी और अचार सहित भरपेट भोजन कर सकता है। शनिवार को विशेष रूप से खिचड़ी, चोखा, पापड़ और अचार परोसा गया। उन्होंने बताया विधायक निधि से इस भोजन वाहन की व्यवस्था की गई है। जबकि भोजन की तैयारी और संचालन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। आज कुल 202 लोगों ने भोजन किया। निरीक्षण के दौरान श्री राय ने भोजनार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी राय जानी। सभी ने भोजन की गुणवत्ता, स्वाद और साफ-सफाई पर संतोष जताया। विधायक ने स्वयं टोकन वितरित कर लोगों को भोजन भी परोसा। मीडियाकर्मियों से बातचीत में श्री राय ने कहा यदि अन्य दानदाता या संस्थाएं सहयोग करें, तो वे एक और वाहन अपनी निधि से उपलब्ध कराएंगे। फिलहाल इस योजना से प्रतिदिन करीब 200 लोग लाभान्वित हो रहे हैं और लक्ष्य 500 लाभार्थियों तक पहुँचाने का है। उन्होंने इस सेवा में लगे रसोइयों, परोसने वालों और वाहन चालक को धन्यवाद दिया।साथ ही मानगो क्षेत्र में भी इस योजना को शुरू करने की संभावना जतायी।

# बागबेड़ा कॉलोनी में दो दिनों से जल संकट, विधायक संजीव सरदार और राजकुमार सिंह ने संभाला मोर्चा

### सोमवार शाम तक जलापूर्ति बहाल होने की संभावना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोहानगरी जमशेदपुर में भीषण गर्मी के दौरान बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में पानी का किल्लत साफ दिखने लगा है। बीते दो दिनों से कॉलोनी के रोड नंबर एक स्थित पानी टंकी में लगे पंप के खराब होने से 1140 क्वार्टरों में पेयजल आपूर्ति ठप होने पर स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने पीएचडी विभाग के एसडीओ जितेंद्र कुमार से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। एसडीओ ने आश्वासन दिया सोमवार शाम तक जलापूर्ति बहाल कर दी जायेगी। बताया गया पंप हाउस की मरम्मत लेथ मशीन में चल रही है, जहां नये पुर्जे जैसे बूथ, बेरिंग और हाउजिंग अभी तक फिट नहीं हो पाये हैं।

उधर जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों को राहत पहचाने के लिए विधायक संजीव सरदार और पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने मोर्चा संभालते हुए निजी एवं जुस्को टैंकर के माध्यम से रोड नंबर 1, 4, 5, 6 एवं चित्रगुप्त पूजा मैदान समेत कई इलाकों में निःशुल्क पेयजल का वितरण कराया। रविवार को भी यह सेवा जारी रहेगी। सुनील गुप्ता ने आरोप लगाया वर्षों से ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक नहीं हो रही है। ऑपरेटरों को वेतन भी नहीं मिल रहा है, जिससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश है।मौके पर सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य ओमप्रकाश एवं झामुमो पंचायत अध्यक्ष संजय महतो सहित अन्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के गरिमा की रक्षा के लिए कानून सशक्त : अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने वृद्ध महिलाओं एवं बुजुर्गों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, वरिष्ठ नागरिकों का संरक्षण अधिनियम, 2007 और विभिन्न पर्सनल लॉ के माध्यम से बुजुर्गों के भरण-पोषण और सम्मानपूर्ण जीवन की कानूनी गारंटी दी गयी है। उन्होंने कहा विवाह के बाद भी संतान अपने माता-पिता की देखभाल के लिए उत्तरदायी रहती है। माता-पिता को छोड़ देना अब कानूनन अपराध है। इसके लिए तीन माह की जेल या जुमार्ने का प्रावधान है। मुस्लिम, हिंदू, सिख, ईसाई सभी समुदायों में बुजुर्गों की सुरक्षा की व्यवस्था है। पप्पू ने कहा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा या हिंसा न केवल नैतिक अपराध है, बल्कि दंडनीय अपराध भी है।जिससे समाज को सजग रहने की आवश्यकता है।

## आरडी रब्बर कंपनी में घायल श्रमिक को 3.5 लाख की सहायता राशि देने पर बनी सहमति



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** आरडी रब्बर रिक्लेम लिमिटेड, गम्हरिया में कंपनी प्रबंधन और मजदूर प्रतिनिधियों के बीच एक अहम वार्ता सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यस्थल पर घायल श्रमिक बाजल टुडू को ईएसआई एक्ट के तहत 11.5 लाख के मुआवजा क्लेम के अतिरिक्त कंपनी द्वारा 3.5 लाख की राहत राशि देने पर मौखिक सहमति बनी।कंपनी की ओर से सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्य आपूर्ति, पीएफ, ईएसआई और न्यूनतम वेतन कानूनों के सख्त पालन का आश्वासन भी दिया गया। यह वार्ता 16 जून को त्रिपक्षीय बैठक में लिखित समझौते के रूप में परिणत की जाएगी। उल्लेखनीय है बीते दिनों बैठक में मजदूरों ने 16 सूत्री मांग-पत्र सौंपा था।

## आरएसबी ट्रांसमिशन यूनिट-1 में रक्तदान शिविर, 255 यूनिट रक्त संग्रह




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आरएसबी ट्रांसमिशन कंपनी के यूनिट-1 में शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 255 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एसके बेहरा ने की। मौके पर श्री बेहरा ने कहा आरएसबी ग्रुप बीते 25 वर्षों से सामाजिक दायित्व के तहत नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन करता आ रहा है। समाजसेवी संगीता बेहरा ने इसे जनहित में प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। इसमें सभी को आगे आकर दूसरों के जान बचाने के लिए रक्तदान करना चाहिए।एचआर हेड जया सिंह ने बताया शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारियों का उत्साह सराहनीय रहा। रक्तदाताओं को प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में हिंदी, भोजपुरी और मगही को शामिल करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राज्य सरकार द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) की क्षेत्रीय भाषाओं की सूची को लेकर विरोध के सुर लगातार तेज होते जा रहे हैं। इसी क्रम में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि गढ़वा और पलामू जैसे जिलों की प्रमुख भाषाओं–हिंदी, भोजपुरी और मगही–को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल किया जाये।

मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र में विधायक ने स्पष्ट किया है कि पलामू प्रमंडल के गढ़वा, पलामू और लातेहार जिले के लिए कुड़ुख और नागपुरी भाषाओं का चयन किया गया है। जबकि इन जिलों की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यह सीधे बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से सटे हुए हैं, जहां हिंदी, भोजपुरी और मगही भाषाओं का पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रभाव बहुत गहरा है।

**हिंदी–भोजपुरी–मगही का बोलबाला :** विधायक अनंत प्रताप देव ने पत्र में लिखा है कि इन जिलों की बड़ी आबादी आज भी संवाद, लेखन और पठन-पाठन के लिए हिंदी, भोजपुरी और मगही भाषाओं का प्रयोग करती है। विद्यालयों में भी इन भाषाओं का व्यापक इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब राज्य सरकार नियुक्ति परीक्षाओं में इन भाषाओं को नजरअंदाज करती है, तो यह न केवल स्थानीय युवाओं के साथ अन्याय है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान को भी ठेस पहुँचाने वाला निर्णय है।

**छात्र–छात्राओं में असंतोष :** विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र में पहले से ही भाषाई उपेक्षा को लेकर असंतोष व्याप्त है। इस बार जब जेटेट की सूची में भी इन प्रमुख भाषाओं को शामिल नहीं किया गया, तो छात्रों और युवाओं में निराशा बढ़ी है। इससे पहले भी स्थानीय भाषाओं को लेकर कई बार आंदोलनों की चिंगारी उठ चुकी है। लेकिन अब जब यह मुद्दा सीधे रोजगार और नियुक्तियों से जुड़ गया है, तो असंतोष और भी गहरा हो गया है।

**आंदोलन की पृष्ठभूमि :** ज्ञात हो कि पलामू प्रमंडल में भाषाई पहचान को लेकर पूर्व में कई बार धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और जन संवाद आयोजित किये गये हैं। क्षेत्रीय संगठनों का स्पष्ट मत है कि स्थानीय भाषा को राज्य की नियुक्ति प्रक्रिया में स्थान मिलना चाहिए। लेकिन बार-बार की उपेक्षा से यह मुद्दा अब राजनीतिक गलियारों में भी जोर पकड़ रहा है।

**विधायक की मांग :** अनंत प्रताप देव ने मांग की है कि राज्य सरकार जल्द से जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा सहित अन्य नियुक्ति परीक्षाओं में भाषा की सूची को संशोधित करे और हिंदी, भोजपुरी तथा मगही को उसमें शामिल करे। इससे क्षेत्र के हजारों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में न केवल मानसिक सहूलियत मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने ही राज्य में भाषाई अधिकार मिलने का भरोसा भी होगा।

## विधायक सत्येंद्र को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के हथकंडा अपना रहे हैं झामुमो के लोग : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर झामुमो पर प्रहार करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि झामुमो के लोग चुनाव हारने के बाद से भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को बदनाम करने के लिए तरह तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। झामुमो के तथाकथित लोग पूर्व मंत्री का झुठा विकास का पुलिंदा जनता के बिच परोसने और गढ़वा के स्थानीय विधायक को बदनाम करने में लगे रहते हैं। लेकिन जनता इनकी सच्चाई समझ चुकी है। इसलिए पूर्व मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर को सत्ता से उखाड़ कर फेंक दिया। झामुमो के पूर्व मंत्री और उनके दल में शामिल लोग कई दलों का परीक्रमा कर के झामुमो में शामिल हुए हैं। वैसे लोग कितने समय तक झामुमो में रहेंगे। यह उनको खुद भी नहीं पता है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान गढ़वा के विकास में अनेकों ऐतिहासिक काम किया था। जिसका मरम्मती भी पुर्व मंत्री नहीं करा पाये हैं। गढ़वा में कुछ प्रमुख काम जिसमें गढ़वा शाहपुर रोड, कोर्ट भवन, इंडोर स्टेडियम बना जिसका बाद में नाम बदल कर शिबु सोरेन स्टेडियम नामकरण किया गया। साथ ही गढ़वा से गोदरमाना रोड, तिलदाग बेलचम्पा रोड, तिलदाग बेलहारा शाहपुर रोड, चिनियां रंका रोड, चिनियां गोदरमाना खुथुवा मोड़, मेराल बंका रोड , लगमा हासनदाग रोड सहित अन्य सैकड़ों सार्वजनिक का हुआ था, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद पटवा, टिंकु गुप्ता, नवीन जायसवाल, उमेश कश्यप, परीक्षीत तिवारी, नंदलाल महतो, पियुष चौबे सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली चोरी के आरोप में सात पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** बिजली विभाग की ओर से एक बार फिर बिजली चोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए थाना क्षेत्र के डंडई गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 7 लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते रंगेहाथ पकड़ा गया। उनके खिलाफ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल द्वारा चलाया गया। कनीय विद्युत अभियंता कमल कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में डंडई गांव के जिन पांच लोगों को पकड़ा गया, उनमें रामबदन यादव पिता हरसु यादव, नागेंद्र प्रजापति पिता कोदन प्रजापति, गौरीशंकर प्रजापति पिता कोदन प्रजापति, कृष्णा पटवा पिता तिलकधारी पटवा, संदीप कुमार पटेल पिता तिलकधारी पटवा, मोती साव पिता सुखदेव साव, बुधिनारायण प्रसाद पिता सुदामा प्रसाद शामिल है। उक्त लोगों पर आरोप है कि उन्होंने अपने विद्युत मीटर को बाइपास कर मीटर से पहले टेपिंग कर अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति ले रहे थे। उक्त सात आरोपियों पर 1 लाख 61 हजार 400 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि बिजली विभाग के कनीय अभियंता के लिखित शिकायत पर 7 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

## झोपड़ी में लगी आग से दो मवेशियों की मृत्यु, लाखों की संपत्ति स्वाहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत के बरवाडीह टोला में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे भीषण अगलगी की घटना में भारी क्षति हुई। ग्राम निवासी अरुण कुमार, पिता कृष्णा मेहता की फूस से निर्मित झोपड़ी में अचानक आग लग जाने से उसमें बंधे दो दुधारू मवेशी एक गाय एवं एक भैंस जलकर मर गयी। वहीं दो गाय, एक भैंस एवं दो बछड़े गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गये हैं। आगजनी की इस घटना में झोपड़ी में रखा संपूर्ण घरेलू एवं कृषि कार्य में उपयोग आने वाला सामान भी जलकर राख हो गया। इसमें 5 क्विंटल गेहूं, एक डीजल पंप, एक बिजली मोटर पंप, एक चारा मशीन, 50 किलोग्राम डिलीवरी पाइप, 40 क्विंटल गेहूं का भूसा, 10 क्विंटल पौटा तथा लकड़ी-बांस सहित अन्य सामग्री शामिल है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मौके पर जिप प्रतिनिधि दिनेश कुमार उपस्थित थे। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता एवं क्षति का मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। पीड़ित ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आवेदन देकर घटना की जांच कर उचित मुआवजा प्रदान करने की गुहार लगाई है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना के दिवंगत आत्माओं को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अहमदाबाद विमान हादसे में हुई भीषण जनहानि पर शोक व्यक्त करते हुए गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आरकेवीएस बीएड कॉलेज, गढ़वा के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी निजी विद्यालयों के निदेशकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा तथा जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज भी उपस्थिति रहे। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने इस हृदयविदारक घटना में मृत सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक विमान दुर्घटना नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक असहनीय पीड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवारों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। सभा में गढ़वा जिले के कोने-कोने से आए विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस असामयिक क्षति पर गहरा दुःख प्रकट किया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 50 date 13.06.2025, I Ritesh Prasad Son of Rameswar Prasad Resident of Piperjoriya, P.o.- Kalyanchak, P.S.- Rajmal, Dist.- Sahebganj - 816116 do hereby solemnly affirm and declare.
1. That I am an Indian citizen.
2. That I am residing at my aforesaid address. 3. That my Personal Number 140994934 4. That I am posted at 26th SSB Ranchi Jharkhand as Constable (GD)
5. That my father's name Rameswar Prasad & his date of birth 02.01.1969 has been mentioned in my service book by mistake. 6. That my mother's name Sangita Devi & her date of birth 20.03.1973 hes been mentioned in service book by mistake. 7. That my father's actual date of birth 01.01.1956 & my mother's actual date of birth 01.01.1968 accor-ding to Adhar Card is true and genuine. 8. That need of the affidavit for correction of actual date of birth of my parent in my service book as such this affidavit.

### प्रमुख ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चियों की कम उपस्थिति देख प्रभारी वार्डन से इसकी जानकारी ली, जहां प्रभारी वार्डन मीना कुमारी ने बताया कि गर्मी की छुट्टी के बाद विद्यालय 11 जून को ही खुला है। अभी तक विद्यालय में सभी छात्राएं नहीं पहुंच सकी हैं, जिसके चलते छात्राओं की उपस्थिति कम है। इसके बाद उन्होंने रसोई घर में रसोइया के साथ कुछ छात्राओं को खाना बनाते देख इसका कारण पूछने पर छात्रा ने बताया कि एक अन्य रसोइया पिछले डेढ़ माह से विद्यालय नहीं आ रही है, जिसके चलते समय पर खाना नहीं मिल पाता है, इसके लिए हमलोग खाना बनाने में कभी-कभी मदद कर देते है। इस पर उन्होंने विद्यालय में हो रही परेशानी को देखते हुए नये रसोइया की बहाली के लिए बीईईओ को पत्राचार करने की बात कही, साथ ही प्रबंधन को विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को मेन्यू के हिसाब से प्रतिदिन नाश्ता और खाना देने का सख्त निर्देश दी।

## 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

- अगले सत्र से उत्कृष्ट (टॉप) करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा एक लाख रुपये : उपायुक्त
- टॉपर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक भी किये गयें सम्मानित
- सफलता की यह सीढ़ी, आगे भी रखें बरकरार, तब मिलेगी मंजिलः एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** टाउन हॉल में शनिवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में माध्यमिक/उच्चत्तर माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में जिला अंतर्गत जैक बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जैक बोर्ड अंतर्गत मैट्रिक की स्टूडेंट अभय कुमार यादव की पुत्री साक्षी यादव ने लोहिया समता हाई स्कूल केतार से 97% अंक लाकर जिले में टॉप किया है। जबकि एसवीएम हाई स्कूल नगर उंटारी से राधेश्याम चौबे के पुत्र आशुतोष कुमार चौबे ने 96.8% द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंटर कॉमर्स में नीरज प्रसाद की पुत्री स्नेहा कुमारी ने एसपीआई कॉलेज गढ़वा से 85.8% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी कॉलेज से बाबूलाल चौधरी का पुत्र रोहित कुमार चौधरी ने 83.4% लाकर द्वितीय स्थान एवं रंजीत कश्यप की पुत्री विद्या कुमारी ने 83.2% लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर आर्ट्स में गिरवर सोनी की पुत्री सेजल कुमारी ने आर के प्लस टू हाई स्कूल रंका से 88.2% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुनील कुमार ठाकुर की पुत्री साक्षी कुमारी ने आर के प्लस टू मुखदेव हाई स्कूल मंझिआंव से 87.2% लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट के साइंस फैकल्टी में अर्जुन प्रसाद कुशवाहा के पुत्र प्रभात प्रसाद कुशवाहा ने आरके प्लस टू गोविंद हाई स्कूल गढ़वा से 91.6% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह के इस आयोजन में उपरोक्त सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य मनचासिन पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। बतातें चलें कि इसमें पहले स्थान प्राप्त करने वाले को टैबलेट मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को मोबाइल फोन मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को स्कूल बैग मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र तथा शेष अन्य रैंक 04 से लेकर 10 तक के लिए वॉटर बॉटल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त सम्मान समारोह के दौरान कुल 07 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भवनाथपुर, धुरकी, रमकंडा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बिशुनपुरा की वार्डन सह शिक्षिका और आरके गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा, रढक कॉलेज गढ़वा एवं एसवीएम हाई स्कूल नगर ऊंटरी के प्राचार्य को मैट्रिक एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त करने के लिए उन्हें शॉल देकर सम्मानित किया गया।

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/21/2025-26 दिनांक– 13/06/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नव निर्मित झारखण्ड उच्च न्यायालय में अधिष्ठापित 05 अदद् 275 TR सेन्ट्रलाईज वातानुकूलित संयत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 97,01,990=00 | 10,000=00 | 1,95,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.06.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 24.06.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 01.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 02.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 355065 (Energy)25-26*D

## गायत्री परिवार का युग निर्माण योजना समय की मांग : पीडीजे

- प्रधान जिला जज के आवास पर हुआ दीपयज्ञ का आयोजन, सभी न्यायालयकर्मियों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गायत्री परिवार द्वारा शुक्रवार की शाम गढ़वा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार के आवास पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ कार्यक्रम में गढ़वा व्यवहार न्यायालय के कई न्यायाधीश, न्यायालयकर्मी एवं गायत्री परिवार के लोग शामिल हुये। इस अवसर पर प्रधान जिला जज अपनी धर्मपत्नी रीता सिंह के साथ मुख्य यजमान के रूप में पूजा एवं आरती में भाग लिया। कार्यक्रम में दीप यज्ञ का संचालन कर रहे टोलीनायक सच्चिदानंद तिवारी ने यज्ञ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से लोगों को आत्मिक उर्जा मिलती है और उसमें देवत्व का भाव उदय होता है। साथ ही वातावरण का परिशोधन भी होता है। इस अवसर पर प्रधान जिला जज नलिन कुमार ने कहा कि वे विद्यार्थी जीवन से ही गायत्री परिवार की गतिविधियों को देखते आ रहे हैं। गायत्री परिवार से सभी को बड़ी उम्मीदें हैं। गायत्री परिवार यज्ञ और संस्कार के माध्यम से समाज के नये निर्माण के लिए कई दशकों से कार्य कर रहा है, जिसकी जितनी सराहना की जाय, कम होगा। गायत्री परिवार का युग निर्माण योजना समय की मांग है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जिला जज को गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखा गायत्री महाविज्ञान भेंट किया गया. यज्ञ को संपन्न कराने में महिला मंडल की बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक विनोद पाठक ने किया। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम दिनेश कुमार, जिला जज द्वितीय प्रशांत कुंमार, जिला जज तृतीय शिवनाथ त्रिपाठी, जिला जज चतुर्थ आशुतोष कुमार पांडेय, एसीजेएम कुमार विपुल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नाभा रंजन लकड़ा, सिविल जज राजेंद्र प्रसाद, न्यायिक पदाधिकारी नरेंद्र कुमार, एडीजेएम मोनिका प्रसाद, न्यायिक पदाधिकारी अभिनव त्रिपाठी, अनुलिका कुमार, महेंद्र पंडित सहित नगरउंटारी न्यायालय से न्यायिक पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसडीजेएम आलोक, शैलेंद्र, गढ़वा के न्यायालयकर्मी नाजिर दीपक सिन्हा, प्रधान लिपिक अजय श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त पतरातु थाना कांड सं0–252/2024, दिनांक–10.10.2024 धारा–308(4)/3(5) बी0एन0एस0 2023 के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त विकास साव, पिता–स्व0 मुंशी साव, सा0–पतरातु बस्ती देवी मंडप, थाना– पतरातु, जिला– रामगढ़ के घर पर दिनांक–27.05.2025 को का द0प्र0सं0 की धारा–84 के अंतर्गत माननीय न्यायलय द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया हैं।

प्रारूप सं0 4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि(नाम वर्णन और पता) विकास साव, पिता–स्व0 मुंशी साव, सा0– पतरातु बस्ती देवी मंडप, थाना–पतरातु, जिला– रामगढ़, राज्य– झारखण्ड ने भारतीय न्याय संहिता की धारा–308(4)/3(5) बी0एन0एस0 2023 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, रंगदारी वसूली का अपराध किया है(या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त विकास साव(नाम) मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त (नाम) विकास साव फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोशणा की जाती है कि विकास साव, पिता–स्व0 मुंशी सा0 सा0–पतरातु बस्ती देवी मंडप, थाना– पतरातु, जिला– रामगढ़, राज्य– झारखण्ड के उक्त अभियुक्त विकास साव से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए(स्थान) व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में तारीख 01.07.2025 को हाजिर हो।

तिथि– 23.05.2025

(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी,
रामगढ़

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त विकास साव,राज्य– झारखण्ड़ कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Sri Alok Singh, C.J.M. 1st class, Ramgarh (Jharkhand) के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़– 9431706113
थाना प्रभारी पतरातु, रामगढ़– 9413706322

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

PR 355029 Police (25-26)_D

## देवी मंडप के समीप पेड़ काटने का ग्रामीणों ने किया विरोध



मंडप के समीप पेड़ काटने का विरोध करते ग्रामीण।

खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग दुब देवी मंडप के समीप सीसीएल रोहिणी प्रबंधन के द्वारा पेड़ काटने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोहिणी प्रबंधन को पूर्व में भी कहा गया था कि देवी मंडप के समीप पेड़ों की कटाई अभी नहीं करना है। जबतक की ग्रामीणों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हो, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से मंडप के किनारे जबरन पेड़ों को कटवाया जा रहा है। शनिवार को प्रबंधन के द्वारा मंडप के समीप पेड़ काटने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में कई महिलाएं पहुंच गयी और रोहिणी परियोजना के अधिकारियों के साथ जोरदार बहस हुई। प्रबंधन के द्वारा समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि एक तो प्रबंधन ग्रामीणों के पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है। खदान भी घर के नजदीक चल रहा है। प्रबंधन ग्रामीणों के पुनर्वास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय ग्रामीणों को परेशान करने में लगा हुआ है। अब पहले प्रबंधन पुनर्वास की व्यवस्था करे, उसके बाद मंडप के नजदीक पेड़ कटाने दिया जायेगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रबंधन और ठेकेदार के लोग वापस लौट गये।

## पांच परगना किसान कॉलेज में इंटर का नामांकन बंद, छात्र परेशान

बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय रांची के प्रशासन की ओर से पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में नामांकन बंद कर दिया गया है। वहीं इंटर कॉलेज में नामांकन के लिए छात्रों की भीड़ लगी हुई है। झारखंड अधिविध परिषद की ओर से प्रत्येक इंटर कॉलेज में इंटर में नामांकन के लिए 512 सीट आवंटित किया गया है। प्रिंसिपल अली अल आराफत ने बताया कि अमानत अली इंटर कॉलेज में तीन दिन में ही 512 छात्र नामांकन दाखिल कर चुके हैं। सीट नहीं बढ़ने के कारण अन्य छात्रों का नामांकन लेना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा रमेश सिंह मुंडा महिला कॉलेज बुंडू, रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू विद्यालय बुंडू, संत जेवियर इंटर कॉलेज बुंडू, के अलावा अन्य इंटर कॉलेज नहीं है. पंच परगना किसान कॉलेज में इंटर का नामांकन बंद होने से छात्रों और अभिभावकों का नामांकन के लिए चिंता बढ़ गया है। संत जेवियर इंटर कॉलेज बुंडू एक सीमित सीट में ही नामांकन लेती है। स्थानीय छात्रों और ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक समस्या के कारण अभिभावक छात्रों को बुंडू में ही नामांकन कराना चाहते हैं, लेकिन सीट के अभाव में नामांकन नहीं हो रहा है। जिससे इंटर के नामांकन में छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य अली अल आराफत ने अध्यक्ष से मिलकर इंटर कॉलेज में नामांकन की सीट बढ़ाने की मांग की है।

## पिपरवार जीएम ऑफिस के समीप असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर जेएलकेएम देगा धरना

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा आगामी 30 जून से पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। इसको लेकर पार्टी के द्वारा रांची अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया है, जिसकी प्रतिलिपि स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के अलावा प्रशासन एवं अन्य विभागों को भी दी गयी है। इस संबंध में पार्टी के बचरा दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष कृष्णा यादव ने बताया कि बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूर को लेकर बड़ा आंदोलन की तैयारी जेएलकेएम पार्टी ने किया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार पिपरवार क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा यह आंदोलन सफल किया जायेगा। साथ ही प्रेषित पत्र संबंधित सभी पदाधिकारियों को 13 जून को आवश्यक विचार विमर्श के लिए भेज दिया गया है। मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया है। अगर प्रबंधन असंगठित मजदूर की मांगों को समय से पूर्व पूरा नहीं करती है तो 30 जून से पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार धरना यदि लंबा चलता है तो पार्टी के वरीय पदाधिकारी सहित पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो भी समर्थन में शामिल होंगे।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का समापन



खूंटी (आजाद सिपाही)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), खूंटी, सिनी टाटा ट्रस्ट और प्लान इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह के दौरान पंचायत एवं ग्राम प्रतिभागियों द्वारा माहवारी स्वच्छता के सभी आयामों को अपनाने एवं दूसरों को भी जागरूक करने के लिए शपथ ली गयी। जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं किशोरियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 28 मई से आरंभ उक्त कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा माहवारी विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम सभी माताओं से अनुरोध किया गया कि वे अपनी बच्चियों से माहवारी विषय पर बात करें और चुप्पी ताड़ने वाली बातों की जानकारी दें।

## गोवंशीय पशु की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के नामदर्ज अभियुक्त अमन कुमार उम्र लगभग 26 वर्ष को पुलिस ने शनिवार को रनिया थाना क्षेत्र के मरचा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। वह मस्जिद गली तोरपा निवासी सलीम खान का पुत्र है। पुलिस ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह पंचायत के आमटांड़ के रहने वाले सनिका मुंडा और जयराम मुंडा, सिरूम भुसुडीह खुंटी के रहने वाले मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को रिम्स भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार सनिका मुंडा और उसका गोतिया जयराम मुंडा एक मोटरसाइकिल से तमाड़ बाजार जा रहे थे।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया, कहा

# एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने से अनावश्यक खर्च में कमी आयेगी





केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने डीएवी स्कूल में पौधरोपण किये और भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में चार कमरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल सिंगपुर नर्सिंग होम में 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वह डीएवी पब्लिक स्कूल और सिंगपुर नर्सिंग होम के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में सीसीएल द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत चार कमरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किये। कार्यक्रम के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम एवं डीएवी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण भी किया। नर्सिंग होम में शनिवार को दस युनिट रक्त भी संग्रह किया गया। इस अवसर पर संजय सेठ ने उपस्थित लोगों के बीच एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संबोधित करते हुए कहा कि इससे चुनाव में अनावश्यक खर्च में कमी आयेगी और बचत पैसों से देश के विकास में कार्य किया जायेगा, ताकि जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही देश भी आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। अभी हमारा देश अर्थव्यवस्था में चौथे स्थिति में है इसको और बेहतर बनाने की जरूरत है, ताकि पूरे विश्व में भारत का नाम रौशन हो सके। रक्षा के मामले में हमारा देश काफी सुदृढ़ हो चुका है, जिसका पूरी दुनिया में डंका बज चुका है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक डाक्टर रमणेश प्रसाद, डीएभी के प्राचार्य बी शरण, अंबल रजक, भगीरथ महतो, मेघनाथ महतो, शिबू हजाम, सुधीर साहू, रघुवीर महतो, दास गदाधर प्रभु, अतिम कृष्णा प्रभु, सुबल दास समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दलादली में शहीद मेला का 18 जून को होगा आयोजन

राहे (आजाद सिपाही)। पूर्वी रांची जिला कमेटी की बैठक राहे में पांडूराम मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दिशा-निर्देश के लिए माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य समीर दास और सुफल महतो उपस्थित हुए। बैठक में कई निर्णय लिया गया। 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में माकपा और वामदल सड़कों पर उतरेगी। 18 जून को रांची जिला के शहीद लक्ष्मीकांत सवांसी, शहीद द्वारिका महतो, शहीद शशोधर मुंडा, शहीद गोपाल सिंह मुंडा, शहीद दानी दत्ता सहित 70 शहीदों की याद में रिंग रोड दलादली में शहीद मेला मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही किसानों के लिए शीघ्र बीज, खाद वितरण करने, वनपट्टा, जल, जंगल, जमीन, सिंचाई, विस्थापन, कृषि जमीन का जबरन जमीन अधिग्रहण, सर्वाधिक निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों पर प्रखंडों में प्रदर्शन व आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

# खूंटी में 1.48 करोड़ रुपये का अफीम डोडा बरामद, तस्कर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के बेडाहातु गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास शुकवार की देर रात पुलिस ने छापामारी कर एक करोड़ 48 लाख 65 हजार मूल्य का अफीम डोडा बरामद किया है। पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर एक ट्रैक्टर पर लदे 991.01 किलोग्राम डोडा बरामद कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पर किया गया। पुलिस ऑफिस द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 13 जून की देर रात करीब 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डोडा लदा एक ट्रैक्टर होड़ोंग से बेडाहातु होते हुए बुंडू की ओर जायेगा। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को सूचित कर छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने बेडाहातु गांव के पास सड़क पर ट्रैक्टर को देख उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर पर सवार दो व्यक्ति वाहन छोड़कर झाड़ियों की ओर कूद गये और अंधेरे तथा जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गये। पुलिस की ओर से उन्हें पकड़ने की कोशिश की गयी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ट्रैक्टर के मालिक, चालक और अन्य अज्ञात लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। छापेमारी टीम में परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर किशुन दास, अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार तुरी, रोशन खाखा और अड़की थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, एक फरार



नामकुम (आजाद सिपाही)। शनिवार सुबह रांची पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत बायो-डायवर्सिटी पार्क रोड से अवैध हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया है। सूचना के मुताबिक कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हथियार के साथ इलाके में देखा गया था, जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इस पर पुलिस उप-महानिरीक्षक अमर कुमार पांडे के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जैसे ही बायो-डायवर्सिटी पार्क रोड के पास पहुंची, वहां मौजूद तीन युवक पुलिस वाहन को देख भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य बेरेटोली जंगल की ओर फरार हो गये। गिरफ्तार युवक नाबालिग निकला। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड दो नाली देशी कट्टा और एप्पल कंपनी का आईफोन-11 मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान किशोर ने फरार दो युवकों के नाम नीतिश तिवारी, निवासी चांदनी चौक हटिया, थाना जगन्नाथपुर और प्रफुल्ल कच्छप, पिता बोधन कच्छप, ग्राम सहेरा, थाना खरसीदाग बताया। किशोर ने खुलासा किया कि दोनों आरोपियों ने ही उसे अवैध हथियार छुपाने को दिए थे और मिलकर हथियार के बल पर धमकी देकर रुपये वसूलने की योजना बनाई थी। बाद में किशोर की निशानदेही पर प्रफुल्ल कच्छप के घर छापेमारी की गई, जहां से 315 बोर की एक जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। हालांकि नीतिश तिवारी घर से फरार मिला। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

# प्रखंडों में ही ग्रामीणों को मिले योजनाओं का लाभः न्यायमूर्ति सुजीत

**राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर में 18.62 करोड की परिसंपत्तियों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा शनिवार को बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम, खूंटी में राज्य स्तरीय विधिक सेवायें सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और खूंटी न्याय मंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। झालसा रांची की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, उपायुक्त आर रॉनिटा, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को पौधा, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने विधिक जागरूकता और सशक्तीकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रयास लोगों को न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने नशा उन्मूलन, डायन प्रथा के खिलाफ जनजागरूकता, एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने 'नशा मुक्त झारखंड' के संकल्प के तहत सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई और कहा कि केवल शपथ लेना पर्याप्त नहीं, इसे व्यवहार में भी लाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ना है।

**अटल क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन :** इस अवसर पर न्यायमूर्ति ने पिपरा टोली, सहयोग विलेज खूंटी स्थित ओल्ड एज होम में अटल क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा वर्चुअल माध्यम से वहां रह रहे वृद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने सिविल सर्जन को क्लिनिक में नियमित चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिए। कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहेरू संजय कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने विधिक सशक्तीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। झालसा सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त आर रॉनिटा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं पारदर्शी शासन के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है।

**लाभुकों को 18 करोड़ 632. रु की परिसंपत्तियों का वितरण :** इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत तीन सौ लाभुकों के 18 करोड़ 632 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

## तिरुलडीह थाना में दी गयी पांच शहीद जवानों को श्रद्धांजलि



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। तिरुलडीह थाना क्षेत्र के कुकड़ू साप्ताहिक हाट में 14 जून 2019 को हुए नक्सली घटना के छह साल पूरा होने पर शनिवार को तिरुलडीह थाना परिसर में पांच शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में तिरुलडीह थाना में पदस्थापित जवानों, अधिकारियों एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने घटना में शहीद सभी पांचों पुलिसकर्मियों के चित्र पर बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि 14 जून 2019 को तिरुलडीह थाना क्षेत्र के कुकड़ू साप्ताहिक हाट में नक्सलियों ने दिन दहाड़े पुलिस गश्ती दल पर हमला कर पांच जवानों की हत्या कर दी गयी थी। इस घटना में दो एएसआई और तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। अपनी जान की कुबार्नी देने वाले वीर जवानों में एएसआइ गोवर्धन पासवान, एएसआइ मनोधन हांसदा, आरक्षी धनेश्वर महतो, आरक्षी डिब्रू पूर्ति और आरक्षी युधिष्ठिर मलुवा शामिल थे। श्रद्धांजलि सभा में सोमा उरांव, कार्तिकेय सिंह, नोवेल एक्का, रंजीत प्रसाद, बीरो लाल मुर्मू, अबध किशोर दुबे, दिलीप लोहरा समेत थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक ट्रैक्टर से डोडा बरामद, आरोपी फरार



अड़की (आजाद सिपाही)। अडकी थाना क्षेत्र के बेडाहातु गांव के निकट निर्माणधीन पुल के पहले एक ट्रैक्टर पर अवैध डोडा बरामद हुआ। डोडा लदा एक ट्रैक्टर होडोग बेडाहातु होते हुए बुंडु जायेगी, जिसपर दो व्यक्ति सवार थे। तत्पश्चात इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम बेडाहातु निर्माण धीन पुल के पहले समय करीब 22:30 बजे होडोग बेडाहातु सड़क पर एक ट्रैक्टर का आवाज सुनाई दिया, जिसके पश्चात ट्रैक्टर के करीब आने पर छापामारी दल के द्वारा उसे हाथ देकर रोकने का प्रयास किया, परंतु ट्रैक्टर के करीब आने पर छापामारी दल के द्वारा उससे कुद गये। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया। लेकिन वह रात का फायदा उठाकर दोनों आदमी भागने में सफल रहे। उक्त ट्रैक्टर में 49 सफेद बोरे में लोड अवैध डोडा बरामद किया है, जिसका कुल वजन 991.01 किलो है जिसका अनुमानित मूल्य करीब 1,48,65,150 रु है। इस संदर्भ में अडकी थाना में उपयोग में लाये गये ट्रैक्टर के अज्ञात मालिक, चालक और अन्य अज्ञात लोगों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। छापामारी दल राम प्रवेश कुमार, किशुन दास, प्रवीण, तिवारी थाना प्रभारी राजीव, तुरी रोशन खाखा अड़की थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कारो गांव की ग्रामसभा ने 319 हेक्टेयर वनभूमि पर सामुदायिक वन पट्टा का किया दावा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की हमर जंगल हमर अधिकार योजना का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। वनों पर आश्रित आदिवासी व ग्रामीण समुदाय अपने अधिकारों को लेकर न सिर्फ जागरूक हो रहे हैं, बल्कि कानूनी दावेदारी भी ठोस रूप से पेश कर रहे हैं। इसी क्रम में पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा पंचायत अन्तर्गत कारो गांव की ग्राम सभा एवं वन समिति ने एक बड़ी पहल करते हुए 319.02 हेक्टेयर वन भूमि पर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत वन पट्टा की दावेदारी प्रस्तुत की है। यह दावा अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति सिमरिया के समक्ष सौंपा गया है। इस मौके पर प्रियंका देवी, सोनी कुमारी, मीना देवी, बुधन महतो, धनंजय कुमार महतो, अनूप उरांव, प्रेमसुंदर लकड़ा, उपेंद्र उरांव, सुलेंद्र उरांव सहित वन अधिकार समिति कारो के सदस्य उपस्थित थे। ग्रामसभा की इस पहल को क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है, जो अन्य गांवों को भी उनके पारंपरिक वन अधिकारों के लिए प्रेरित करेगी। ग्रामीणों ने आशा जताई है कि प्रशासन जल्द से जल्द दावे की जांच कर सामुदायिक वन पट्टा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने जंगलों की रक्षा करने में अधिक अधिकारिक भूमिका निभा सकें।

## पीएचसी खलारी में आयोजित एएनसी शिविर में 102 गर्भवती महिलाओं की जांच



खलारी (आजाद सिपाही)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खलारी में शनिवार को गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) प्रोफाइल टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 102 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान सीएचसी बुड़मू से आईं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा पल्लवी सिंह ने महिलाओं की चिकित्सकीय जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, वजन सहित अन्य जरूरी परीक्षण किए गए। जांच के बाद प्रत्येक महिला को आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मल्टीविटामिन, विटामिन-सी तथा ओआरएस की गोलियां प्रदान की गईं। शिविर को सफल बनाने में डा डीबी सिंह, सीएचओ अंजना नाग, दृष्टि रानी, एएनएम अनिता टोप्पो, पूनम कुमारी, प्रफुल्लित बेग, किरण कुमारी, लैब टेक्नीशियन परवेज, तब्बू परवीन, सत्यम सहित एसआई मिथिलेशकुमार मंडल और बालमुकुंद पांडेय आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## खलारी में चलाया गया जांच अभियान

खलारी (आजाद सिपाही)। शनिवार दोपहर 12:30 बजे खलारी क्षेत्र में जिला परिवहन विभाग एवं खनन विभाग (डीएमओ) की संयुक्त टीम द्वारा औचक वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सीसीएल एनके एरिया स्थित केडीएच कांटा संख्या-2 के पास की गयी, जहां दस्तावेज अधूरे पाये जाने पर कुल चार वाहनों को जब्त कर खलारी थाना के सुपुर्द कर दिया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही चारों वाहनों को सीज कर थाना भेज दिया। डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि यह औचक जांच अभियान जिला भर में चरणबद्ध रूप से चलाया जा रहा है। जिन वाहन चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं होंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। टीम में अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दो रैयतों के फाइल का सत्यापन होने पर शाखा अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के दो रैयत का फाइल सत्यापन होने पर रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। रैयतों ने शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा को माला पहनाकर सम्मानित किया। रैयतों ने बताया कि वे लोग काफी वर्षों से रेल लाइन फेज वन में जमीन के बदले नौकरी की मांग को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे थे। शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में हुआ आंदोलन के कारण अब दो रैयतो का फाइल सत्यापन हो गया है। शिवनारायण लोहरा ने कहा कि मोर्चा के नेतृत्व में रैयतो के द्वारा काफी समय से आंदोलन किया जा रहा था। जिसके बाद सीसीएल के द्वारा काफी सराहनीय प्रयास किया गया जिसमें खलारी अंचल का भी काफी योगदान रहा है। जल्द ही बाकी बचे 6 रैयतो का फाइल सत्यापन हो जाने की उम्मीद है। रैयतो को उम्मीद है कि इस बार उनके सभी फाइल का जल्द सत्यापन हो जायेगा।

## बेड़ो में बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर का आयोजन

# स्मार्ट मीटर के लिए नहीं लगता कोई शुल्क : बंधु तिर्की

**कहा- हमारा प्रयास जनता को निर्बाध और सही बिजली देना है**

आजाद सिपाही संवाददाता


बिजली समस्या के समाधान को लेकर आयोजित शिविर में मौजूद बंधु तिर्की एवं अन्य।

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती बिजली की समस्याओं और स्मार्ट मीटर को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से शनिवार को विद्युत शक्ति केंद्र में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की, विद्युत विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) हिमांशु वर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और स्मार्ट मीटर से जुड़े भ्रम को दूर करना था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में लोगों को सही तरीके से बिजली मिले। हमारा प्रयास है कि जनता को निर्बाध और सही बिजली मिले। कहा कि स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाया जायेगा। इसमें कोई पैसा नहीं लगेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दें। साथ ही जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई समस्या न हो इसके लिए बेड़ो बाजारटांड़ में एक बैठक कर समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। वहीं, शिविर में उपभोक्ताओं ने बिजली बिल में गड़बड़ी, वोल्टेज की समस्या और जर्जर तारों को बदलने जैसी कई शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया और बाकी के लिए निश्चित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियों को किया गया दूर

शिविर में विशेष रूप से स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच फैली आशंकाओं और भ्रांतियों पर चर्चा की गयी। विद्युत विभाग के एसडीओ हिमांशु वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर कई तरह की गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं। यह मीटर उपभोक्ता के हित में है। इससे बिजली बिल प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए किसी भी उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्मार्ट मीटर पूरी तरह से निःशुल्क है। अगर कोई पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अपने बिजली की खपत पर नजर रखने में आसानी होगी और वे अपनी सुविधानुसार बिल का भुगतान कर सकेंगे। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, उप प्रमुख मोदस्सीर हक, नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, पंचु मिंज, सचिन सिंह, रवि सिंह, संतोष उरांव, प्रीतम कुमार, मगहिया उरांव, रुस्तम अंसारी, अल्तमश, मासी, फिरोज, सौरभ और विश्वनाथ लाल आदि मौजूद थे।

## सिमलिया रिंग रोड में कार के धक्के से बाइक सवार महिला की हुई मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की, मुआवजे की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के सिमलिया रिंग रोड में शनिवार को अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतका की पहचान सिमलिया निवासी पानो देवी (50) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह 9.45 बजे दलादिली की ओर से एक तेज रफ्तार कार ने खड़ी ट्रक को पीछे से धक्का मार दी। इसके बाद वहां से भागने के क्रम में कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक के पीछे बैठी पानो देवी नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। उधर, पता चला है कि पानो देवी बाइक पर सवार होकर रातु कठिटांड की ओर जा रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गयी। वहीं, हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। उधर, दुर्घटना की सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये। वहीं, आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सिमलिया रिंग रोड को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। यही नहीं, आक्रोशित लोगों ने हादसे के लिए जिम्मेदार कार को आग लगाने की भी कोशिश की। पर पुलिस के मौके पर पहुंच कर लोगों को काफी समझाने के बाद वे शांत हुए और जाम हटा लिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई।

## अनगड़ा में संगठन सृजन संविधान बचाओ अभियान सह नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के निर्देश पर शनिवार को डाक बंगला में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के अलावा पर्यवेक्षक मनोज लकड़ा थे। इस अवसर पर डॉ राकेश किरण महतो ने पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश के वर्तमान हालात पर उठाये गये मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में संविधान की रक्षा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती है। जिसका डटकर सामना करना होगा। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। वहीं प्रखंड कमेटी में नियुक्त नए महासचिवों को दो-दो पंचायतों में संगठन की मजबूती के लिए प्रभारी बनाया गया। जिसमें हरातू- हेसातु पंचायत के लिए दुत्तीलाल बेदिया, कुच्चू-टाटी पंचायत के लिए जोन तिग्गा, सुरसू-बरवादाग पंचायत मकर सिंह मुण्डा, गूड़ीडीह-जोन्हा पंचायत सोनू उरांव, बीसा-नवागढ़ पंचायत अजय करमाली (युवा मोर्चा), गेतलसूद-सिरका पंचायत संजय नायक (अजा), अनगड़ा-राजाडेरा पंचायत बिहारी मुंडा, लूपुंग-साल्हन पंचायत किशोर करमाली, हेसल-चिलदाग पंचायत साकिर अंसारी, बोंगईबेड़ा-चतरा पंचायत छोटेलाल महतो एवं पैका पंचायत के लिए प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव एवं महिला समिति प्रभारी अनिता देवी बनायी गयी है। मौके पर जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त सभी प्रखण्ड महासचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई दी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रज्जाक अंसारी, पूर्वी योगेंद्र बेदिया, महिला अध्यक्ष सरीता देवी, जिला महासचिव दीपा उरांव, राजेंद्र मुण्डा, विश्राम महतो, शिवदास गोस्वामी, युवा अध्यक्ष विशाल स्वाँसी, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर मुंडा, रोहित नायक, दशरत पाहन, यूनूस अंसारी, समीम खान, आलम अंसारी, ममता कुमारी, देवकी कुमारी, सफिक अंसारी, शिवनारायण मुण्डा, जितेन्द्र मुण्डा, मनरतन लोहरा, महेश करमाली, निर्मल करमाली, सोहन करमाली, कुंवर पहान, सुजय महतो, दीपक मुण्डा, गोन्दा लोहरा, पुसुवा लोहरा, धनीराम भोगता, अभिराम मुण्डा, बिपता बेदिया, एतवा भोगता, गणेश भोगता, कृष्णा महली, अंजली कुमारी, रुबी देवी, पुजा देवी, शांति देवी, सबिता देवी, शमसाद अंसारी, अब्बास अंसारी, सुरज करमाली, दुबराज मुण्डा, अनिल ठाकुर, गणेश रजवार, खीरू उरांव, गोबर्धन बेदिया, मालती देवी, शनिचरवा मुण्डा, सुखदेव लोहरा, मुनेश करमाली, उमा देवी, रेशमा देवी, सुनिता देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

## जगदीश चंद्र महतो बनाये गये रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के सोशल मीडिया अध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वार्ड नंबर 12 लोवाडीह निवासी जगदीश चंद्र महतो को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सोशल मीडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जगदीश चंद्र महतो लंबे समय से कांग्रेस के सोशल मीडिया गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए है। पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि उनके अनुभव और तकनीकी दक्षता से कांग्रेस के प्रचार-प्रसार को नई दिशा और धार मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, रामदेव सिंह राजपूत, अर्चना मिश्रा, राजीव रंजन राजू, एतवा उरांव और महताब आलम आदि ने बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इधर जगदीश चंद्र महतो की नियुक्ति से कांग्रेस के डिजिटल प्रचार अभियान को ग्रामीण क्षेत्र में नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत संत जॉन्स उच्च विद्यालय नवाटांड में शनिवार को बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अपने अनुशासन और पढाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव से भी बचने का सुझाव दिया। इसके बाद प्रखंड प्रमुख ने विभिन्न वर्गों के वर्ग नायक, नायिका, गांधी, बिरसा, नेहरू और सुभाष दल के दल नायक-नायिका, स्वस्थ, पर्यावरण, खेल कूद, सांस्कृतिक और परिभ्रमण विभाग के लिए चयनित छात्र नेताओं को शपथ दिलाया गया। प्रधानाध्यापक ब्रदर सुबोध कच्छप ने कहा कि विद्यालय में बाल संसद का गठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरुरी है।

## साजिश के तहत हो रही सरना धर्म कोड की मांग : जगरनाथ भगत

**केंद्र सरकार के 11 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर लापुंग में भाजपा का प्रखंड स्तरीय बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** मालगो बगीचा में शनिवार को भाजपा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के लापुंग मंडल अध्यक्ष नंदलाल साहू ने की। इसमें केंद्र की मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसमें पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जगरनाथ भगत भी शामिल हुए। उन्होंने भाजपा के कल्याणकारी योजनाओं में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्वनिधि योजना, किसानों का कल्याणकारी योजना धान एवं गेहूं का एमएसपी में वृद्धि, किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर उन्होंने सरना कोड को लेकर कहा कि आदिवासियों को गुमराह कर सरना धर्म कोड की मांग की जा रही है। यह अलगाववादियों की चाल है। सरना धर्म कोड मिलने से आदिवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। आदिवासियों के लाभ से वंचित हो जाएंगे। साथ ही सनातन से सरना धर्मावलंबियों को अलग करने करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष किश्वर शाहू, पवन साहू, विजय सिंह, चरकू साहू, प्रेम साहू, विजय साहू, रविन्द्र उरांव (युवा मोर्चा अध्यक्ष), ब्रजनारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

## केंद्र की मोदी सरकार कल्याणकारी योजनाएं लाकर विकसित भारत बनाने को प्रतिबद्धः शशिभूषण भगत



**पिस्कानगड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगड़ी मंडल के बैनर तले शनिवार को पंचायत भवन में संकल्प सभा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय किशन महतो ने की। इसमें मुख्य अतिथि सह प्रभारी मृत्युंजय शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, केदार महतो, चूड़ामनी महतो और राकेश केशरी आदि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार 11 वर्षों की देश सेवा, सुशासन और देश वासियों के लिए गरीब कल्याण एवं जन कल्याणकारी योजनाएं लाकर देश को विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें मिलकर अपने प्रखंड क्षेत्र के गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के बीच निमित्त संकल्प सभाएं आयोजित कर मोदी सरकार के 11 सालों से सुशासन से अवगत कराना है। जल्द ही नगड़ी मंडल की ओर से प्रखंड के सभी 13 पंचायतों में संकल्प सभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर शीला देवी, रोहित महतो, राजपाल साहू, मुकेश महतो, देवेंद्र महतो, शीतल साहू, बीजू महतो, विकास उराव, नंदकिशोर महतो, विजय महतो, रितेश राज, संजय राधे और अखिलेश सहित दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय वैभवश्री-अध्ययन टोली का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# वैभवश्री सामाजिक बदलाव का माध्यम है : पद्म कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वावधान में बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं असम क्षेत्र के प्रांतीय वैभवश्री-अध्ययन टोली का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सेवाधाम जोन्हा में हुआ। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महासचिव विजय पुराणिक, न्यासी गुरुशरण प्रसाद, न्यासी मनोज चटर्जी एवं पद्म कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत परिचय सेवा भारती झारखंड के सचिव ऋषि पांडेय ने किया। इस दौरान उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि सेवा भारती के वैभवश्री आर्थिक लेनदेन करने के साथ ही सामाजिक संस्कार, सेवा और समरसता आदि विषयों पर भी केंद्रित होते हैं। सेवा भारती से जुड़ी महिलाएं सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं, वैभवश्री आयाम के राष्ट्रीय संयोजक पद्म कुमार ने प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि वैभवश्री सामाजिक बदलाव का एक माध्यम है। आज महिला आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण भी आवश्यक है। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे सत्र में जीपी भद्रदास स्वावलंबन-वैभवश्री विषय प्रमुख ने सेवा भारती की वैभवश्री की संकल्पना एवं संगठन की संरचना पर विस्तृत प्रकाश डाला। वर्ग में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार योजना से जोड़ने पर बल दिया। मौके पर वैभवश्री के केंद्रीय टोली सदस्य विनोद मोहने ने पंच परिवर्तन की जानकारी दी साथ ही अपने जीवन और वैभवश्री की गतिविधियों में शामिल करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रतिनिधियों ने अनगड़ा प्रखंड में चल रहे कर 4 स्वयं सहायता समूह का भ्रमण किया और अनुभव प्राप्त किए। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के अध्ययन प्रमुख प्रमोद कुलकर्णी, रीना सोलंकी सहित वैभवश्री केंद्रीय समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अंडमान की रहनेवाली रीना एक्का के एयरलिफ्ट की गुहार, पर अब तक नहीं मिली सरकारी मदद

**भाजपा नेता ने जताया रोष, कहा- मामले को जनता से लेकर सदन तक उठायेंगे**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदिवासी-अल्पसंख्यक हितैषी होने का दावा करने वाली झारखंड की गठबंधन सरकार की उदासिनता एक बार फिर सामने आया है। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर के दंडस प्वाइंट की निवासी रीना एक्का जो पिछले नौ महीने से नामकुम के राजाउलातू स्थित संत अन्ना अस्पताल में मस्तिष्क रोग के इलाज के लिए भर्ती है, अब तक सरकार की उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। रीना एक्का की माता अगाथा लकड़ा ने बताया कि उनकी बेटी रांची में पढ़ाई करने आई थी, लेकिन बीते एक वर्ष से गंभीर मानसिक बीमारी से पीड़ित है। स्थिति बिगड़ने पर उसे नौ महीना पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लगातार इलाज चल रहा है। लेकिन अब तक कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। अगाथा लकड़ा ने मई 2025 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर एयरलिफ्ट कर रीना को अंडमान वापस भेजने की गुहार लगायी थी। उन्होंने बताया कि वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। न तो इलाज का खर्च उठा पा रही है और न ही रांची में रहकर भोजन एवं दवा का प्रबंध कर पा रही है। बावजूद इसके अब तक सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली है। शनिवार को भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाइक ने संत अन्ना हॉस्पिटल पहुंच कर रीना एक्का और उनकी मां से मुलाकात की। अगाथा लकड़ा ने उन्हें अपनी स्थिति से अवगत कराया। इस पर प्रभुदयाल बड़ाइक ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की हितैषी होने का दिखावा करती है, लेकिन जब एक गरीब आदिवासी महिला अपनी बीमार बेटी के लिए मदद की गुहार लगा रही है, तो सरकार चुप्पी साधे बैठी है। यह बेहद असंवेदनशील रवैया है। कहा कि यदि सरकार जल्द मदद नहीं करती है, तो भाजपा इस मामले को जनता के बीच और सदन में उठायेगी।

## नशा मुक्ति पर हंसराज प्लस 2 उच्च विद्यालय में संगोष्ठी आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** हंसराज प्लस 2 उच्च विद्यालय में शनिवार को नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि नशा मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है। विशेषकर छात्रों को उन्होंने कुसंगति से दूर रहने, साफ-सुथरे लक्ष्य के साथ जीवन में आगे बढ़ने और निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। कहा कि अपने जीवन का उद्देश्य तय करें और अच्छे कार्यों में ध्यान लगाएं। बुराइयों को अपने जीवन में प्रवेश न करने दें। संस्कार ही इंसान को महान बनाते है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे बड़ों के प्रति आदर भाव रखें, प्रतिदिन माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर विद्यालय जाएं।

## गांवों के विद्यालयों में भले ही संसाधनों की कमी हो, लेकिन संभावनाएं अपार हैं : डॉ मयंक मुरारी

**उषा मार्टिन फाउंडेशन का क्वालिटी एजुकेशन और महिला सशक्तिकरण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में सरकारी, गैरसरकारी एवं एकल विद्यालयों के शिक्षकों के लिए शनिवार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षाविषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका विषय शिक्षा में साहित्य की भूमिका और सृजन एवं संवेदनशीलता के साथ अध्यापन था। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए शैक्षणिक विशेषज्ञ डॉ उर्वशी ने कहा कि भाषा के साथ ज्ञान का अटूट संबंध है। कल्पनाशीलता से सृजन का विकास होता है और सृजन से भाषा पर नियंत्रण आता है। बेहतर भाषा ज्ञान सभी विषयों की समझ को सरल बनाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालयों में साहित्यिक गतिविधियां बढ़ाई जानी चाहिए। लेखन प्रतियोगिता, संवाद लेखन, नाटक, पात्र निर्माण और रचना संसार का एक विशेष कॉर्नर बने, ताकि बच्चे अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सके। इस अवसर पर उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि अध्यापन एक गौरवपूर्ण कार्य है। यदि इसमें संवेदना जोड़ी जाए तो इसके परिणाम और भी बेहतर हो सकते है। गांवों के विद्यालयों में भले ही संसाधनों की कमी हो, लेकिन संभावनाएं अपार है। हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामकुम, अनगड़ा और कांके प्रखंड के शिक्षकों ने अपने विचार रखे। प्रमुख रूप से टाटीसिलवे हाईस्कूल के प्राचार्य कमल कुमार सिंह, स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्य विजयलक्ष्मी टुडू, हेसल स्कूल की प्राचार्य कुमुदनी टिडू एवं आरा मिडिल स्कूल की प्राचार्य ललिता कच्छप उपस्थित थे। इस अवसर पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के मोनीत बूतकुमार, मेवालाल महतो, संगीता कुमारी और वरुण कुमार सहित 25 से अधिक शिक्षक मौजूद थे।

## महिलाओं के लिए लुपुंग गांव में हुआ हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**उषा मार्टिन फाउंडेशन और युवा जागृति संघ के संयुक्त तत्वावधान में नामकुम प्रखंड के लुपुंग गांव में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस प्रशिक्षण में बांस से निर्मित उत्पादों को बनाने की कला सिखाई जा रही है, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर संगीता कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के तहत महिलाओं की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास है। 20 परिवारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें बांस के उत्पाद, जूट बैग और पेपर थैला निर्माण की तकनीक सिखाई जाएगी। संघ के सुनील कुमार और विकास कुमार ने बताया कि कारखाने के आसपास की इच्छुक महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे स्थायी आजीविका के साधन विकसित कर सकें।**

# 21 गोवंश जब्त, आदिम जनजाति और दिव्यांग परिवारों में वितरित

**कुरुमगढ़ पुलिस को पशु तस्करी में मिली सफलता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार की रात करीब 2 बजे थाना प्रभारी मुनेश तिवारी को गुप्त सूचना मिली कि रोघाडीह जंगल के रास्ते 21 गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुनेश तिवारी और एएसआई अनुज पासवान ने अपनी टीम के साथ तत्काल छापामारी की। पुलिस को आता देख पशु तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। पुलिस ने सभी 21 गोवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना ले आई। इसके बाद, कुरुमगढ़ थाना पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए इन जब्त किये गये गोवंशों को स्थानीय मुखिया सीताराम मुंडा और ईश्वर खेस के हाथों से आदिम जनजाति परिवारों और दिव्यांग व्यक्तियों के बीच जिम्मानामा लिखाकर खेती के लिए वितरित कर दिया। थाना प्रभारी मुनेश तिवारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ लगातार छापामारी जारी रहेगी। उन्होंने तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा की पशु तस्कर या तो सुधर जाएं या जेल जाने के लिए तैयार रहें। यह कार्रवाई कुरुमगढ़ पुलिस की सतर्कता और सामुदायिक सहयोग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है जिससे न केवल अपराध पर लगाम लगी है बल्कि जरूरतमंद परिवारों को सहायता भी मिली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है और कहा है कि इससे क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ एक मजबूत संदेश जायेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी और जरूरतमंद परिवारों को सहायता मिलेगी।

## युवती लापता, पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के पिलखी गांव निवासी विन्देश्वर महतो ने शुक्रवार को सिसई थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी राधिका कुमारी की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। मालूम हो कि अनल लकड़ा पिछले काफी दिनों से सिसई के रोशनपुर स्कूल के पिछे मेरी मिंज के घर पर किराये पर अपनी मां के साथ रहता था। जहां से अनल लकड़ा ने मेरे बेटी राधिका कुमारी को बहला-फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया है। इस पर विंदेश्वर महतो ने सिसई थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए प्रशासन से अपनी बेटी की खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

## उपायुक्त ने ओल्ड एज होम सीलम में बिताया समय

**विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर डीसी ने वरिष्ठजनों के साथ की बातचीत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस को उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित किया। शनिवार को उपायुक्त ने सीलम स्थित ओल्ड एज होम का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने मांदर की पारंपरिक धुन पर उपायुक्त महोदया का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें अपनी पुत्री के समान स्नेह प्रदान किया। उपायुक्त ने ओल्ड एज होम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं कठिनाइयों की जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित किया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति व्यवहार में संवेदनशीलता बरती जाए तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं गरिमामय ढंग से उपलब्ध करायी जाये। इस दौरान मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी सहित ओल्ड एज होम के कर्मी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।


**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**

**आम सूचना**

असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत गुमला जिलान्तर्गत ऑफलाईन निबंधन कराये गये श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि ऑफलाईन निबंधन कार्ड को ऑनलाईन करने की प्रक्रिया की जा रही है। अतः निम्न स्पष्ट दस्तावेजों के साथ श्रम अधीक्षक कार्यालय, गुमला में संपर्क कर अपने ऑफलाईन कार्ड को ऑनलाईन करा लें।

1. ऑफलाईन निबंधन कार्ड की छायाप्रति।
2. स्वयं का आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. स्वयं का पासबुक का छायाप्रति।
4. मोबाईल नम्बर।
5. स्वयं का 01 पासपोर्ट साईज कलर फोटो।
6. नोमीनी का आधार कार्ड की छायाप्रति।
7. नोमीनी का पासबुक की छायाप्रति।

श्रम अधीक्षक,
गुमला।

PR 355075 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)


## बसिया : करियर सेमिनार का आयोजन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** संत जोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर नवाटोली में करियर सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र 2023-25 में इंटर पास एवं 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भविष्य में कैरियर बनाने और जीविकोपार्जन हेतु मार्गदर्शन आगे बढ़ो और सक्षम बनो शीर्षक के द्वारा शुरू किया गया, जिसमें आगे की पढ़ाई बीए बीकॉम बीएससी के साथ साथ कला कौशल प्रशिक्षण के बारे में सुझाव दिया गया। जॉब ओरिएंटेट कोर्स आईटी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, बीसीए, बैंकिंग, सेल्स एंड बिजनेस, रूरल मार्केटिंग, गर्वमेंट जॉब, बीबीए, एकाउंट्स, सीए, जीएसटी एक्सपर्ट एवं सरकारी प्रतियोगिता क्षेत्र के बारे में बहुत ही अच्छी तरह से पीयूष एकेडमी के द्वारा विद्यार्थियों को उत्साहित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ब्रदर सुशील टोप्पो सभी शिक्षक शिक्षिकायें भूतपूर्व और अध्ययनरत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पिकअप और कोरियर वैन में टक्कर, चालक घायल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना अंतर्गत कलिगा गांव के पास सिमडेगा-रांची मुख्य पथ पर पिकअप और कोरियर वैन की सीधी भिड़ंत हो गयी, जिससे वैन पलट गयी। वहीं पिकअप वाहन चालक उसी में फंस गया था। जिसे ग्रामीणों और बसिया पुलिस प्रशासन के द्वारा बड़ी मुश्किल से बाहर निकल गया, और दोनों चालक को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस के द्वारा बसिया रेफरल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका प्राथमिक के उपचार चल रहा है। वहीं एक चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व विद्यालयों में कराया जा रहा योगाभ्यास



**सिसई (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पंडरानी, सिसई में योग गुरु ने कराया योगाभ्यास। योग गुरु गजराज महतो के सानिध्य में विद्यालय के छात्राओं व शिक्षिकाओं ने योग किया। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम है 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, सहित सभी आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। समापन से पूर्व योग भजन और हास्यासन का अभ्यास कराया गया।

## चुंदरी लैंप्स में किसानों को धान बीज का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा स्थित चुंदरी लैंपस में धान बीज का वितरण किया गया। जिसका उद्घाटन चुंदरी उप मुखिया अजीत मनी पाठक और पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने संयुक्त रूप से किसानों को धान बीज वितरण कर किया। समाचार लिखे जाने तक 60 किसान के बीच बीज वितरण किया गया। मौके पर लैंपस अध्यक्ष सतीश उरांव, सचिव सुरेंद्र यादव, कृषक मुनेश्वर उरांव, दशरथ ठाकुर, नंदू ठाकुर, प्रतिमा उरांव, राजकुमारी उरांव, राजू यादव, रूपम देव उरांव, सुजीत उरांव, मंगरा भगत, संतोष सिंह, आनंद महली, अरुण यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## मछली मारने गयी 10 वर्षीय बच्ची की नदी में डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम नावाटोली गांव में एक दर्दनाक घटना घटी है, जिसमें 10 वर्षीय बच्ची आरोही खाखा की नदी में डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोही अपने परिजनों के साथ मछली मारने नदी में गयी हुई थी। आरोही के मामा रोबिन बेक ने बताया कि वह मशीन लाने घर गया था, तभी उन्हें फोन पर सूचना मिली कि आरोही गहरे पानी में डूब गयी है। आरोही को नदी से निकालने के बाद आनन-फानन में बोलेरो बुक कर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामा रोबिन ने बताया कि आरोही आरसी मध्य विद्यालय मालम नावाटोली में 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। बचपन से ही वह अपने मामा के घर में रहती थी। आरोही का अपना घर जारी में है, जहां उसके माता-पिता रहते हैं। आरोही की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय समिति की बैठक 18 को


**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय समिति द्वारा 18 जून 2025 को गुमला में केंद्रीय स्तरीय बैठक दल के प्रमुख नेताओं को लेकर आयोजित की जायेगी। बैठक में बीते 9 जून 2025 को संपन्न हुई राज्य स्तरीय राजभवन मार्च की समीक्षा के अलावे सांगठनिक विस्तार व मजबूती तथा आगामी रणनीति बनाने के लिए यह बैठक बुलायी गयी है। बैठक में झारखंड के सभी प्रमंडल के प्रभारी के अलावे प्रमुख नेताओं को आमंत्रित की गयी है।

## प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रंहे के द्वारा प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पुनीत मिंज, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, प्रमुख सविता देवी, पुष्पा टोप्पो व अनिरुद्ध चौबे ने कार्यक्रम का शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्जन कर किया। इस दौरान घाघरा प्रखंड स्थित सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी जिन्होंने झारखंड अधिवित परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किए है उनमें से टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रतिभा पाठक, नंदनी कुमारी, खुशबू सिंह, दिलेश कुमार साहू, सृष्टि कुमारी, रीमा कुमारी, समीर मांझी, मनीष सिंह, विपिन कुमार साहू, जीतमुनि उरांव सहित प्रखंड के सभी विद्यालय के टॉप पांच विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि थानेदार पुनीत मिंज ने कहा विद्यार्थी अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और निरंतर प्रयास करे।

## मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने किया 30 यूनिट रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विश्व रक्तदान दिवस पर ब्लड बैंक परिसर गुमला मे मारवाड़ी युवा मंच गुमला एवं प्रेरणा शाखा के तत्वाधान से रक्तदान शिविर लगाया गया। मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने 30यूनिट रक्तदान किया। इससे रक्तअधिकोष में रक्त की उपलब्धता बढ़ी। अब मरीजो को आसानी से रक्त मिल सकेगा। इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा रक्तदान कर के किया गया। उन्हें मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा गुमला के सचिव शंकर अग्रवाल और अध्यक्ष अंचल अग्रवाल एवं रोहित खंडेलवाल द्वारा पुस्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। जिले के सारे रक्तदाताओं को उपायुक्त ने धन्यवाद देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से बीमारियों से बचा जा सकता है साथ ही किसी जरूरतमंद को नया जीवन दिया जा सकता है। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच के सचिव शंकर अग्रवाल ने भी किया रक्तदान ओर कहा कि हर तीन महीने पर रक्तदान कर सकते है इससे आपको कई बीमारी ने दूर हों जाते है और आप स्वस्थ महसूस करते हैं इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं के नाम, अक्षय मंत्री, राहुल गोयल, विपुल अग्रवाल, सरवन राजगढ़िया, तुषार गर्ग, सचिन माहेश्वरी, सीए प्रकाश मंत्री, दीपक कुमार,रोहित श्रीवास्तव, लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह, परवीन कुमार मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा से बिना अग्रवाल ने भी रक्तदान किया और लोगों को भी जागृत किया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल अमित मंत्री उर्फ गोलू और प्रेरणा शाखा के अंचल अग्रवाल का मुख्य योगदान रहा है।

**स्पोर्ट्स**



ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा साउथ अफ्रीका बना टेस्ट चैंपियन, 27 साल का इंतजार खत्म। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच बने।

# ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा साउथ अफ्रीका बना टेस्ट चैंपियन, 27 साल का इंतजार खत्म

एजेंसी



**लंदन।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लॉड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाये, जबकि टेंबा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाये। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी।

**27 साल बाद चखा आइसीसी फाइनल में जीत का स्वाद :** साउथ अफ्रीका का डब्ल्यूटीसी के रूप में यह दूसरा आईसीसी खिताब है। इसके साथ ही टेंबा बावुमा की टीम ने आखिरकार 27 साल का सूखा खत्म कर दिया। साउथ अफ्रीका की टीम ने इससे पहले साल 1998 में पहली बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। साउथ अफ्रीका की ये पहली आईसीसी ट्रॉफी थी। इसके बाद अफ्रीकी टीम को अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीतने में 27 साल का लंबा वक्त लग गया। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये 2 आइसीसी खिताब के बीच सबसे लंबा अंतराल है। इससे पहले ये कारनामा वेस्टइंडीज के नाम था। वेस्टइंडीज ने 25 साल बाद आइसीसी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था।

**लॉर्ड्स पर दूसरा सबसे बड़ा रन चेज :** लॉर्ड्स के मैदान पर यह टेस्ट इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा रनचेज है। इस मैच से पहले यहां सिर्फ चार बार ही चौथी पारी में 200 से ज्यादा का स्कोर चेज हो पाया था। अब साउथ अफ्रीका ने भी यह कमाल कर दिया है। इस मैदान पर सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। 1984 में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज ने चौथी पारी में 342 रनों का टारगेट चेज किया था। इंग्लैंड ने 2004 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 282 रन बनाकर ही जीत हासिल की थी।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा**
**E-Mail ID–chatrasco@gmail.com**

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR के SMAM उपयोजना अन्तर्गत कोडरमा जिले में ग्राम स्तरीय छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना महिला स्वयं सहायता समूहों/Entrepreneurs/Lamps/Pacs/ FPOs/ Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जाना है, तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों को व्यक्तिगत अनुदान पर विभिन्न कृषि यंत्रों के वितरण किया जाना है

व्यक्तिगत एव समूहों के लिए अनुदान पर वितरित किए जाने वाले कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का भौतिक लक्ष्य निम्नवत है:–

| क्र0 | RKVY योजनान्तर्गत SMAM | भौतिक लक्ष्य (सं0में) OSP | अनुदान की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | Sub Mission On Agriculture Mechanization (SMAM) योजनान्तर्गत ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना। | 10 | कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के कुल लागत 10 लाख रूपये का 80 प्रतिशत या अधिकतम 8 00 (आठ लाख) रूपये |
| क्र0 | व्यक्तिगत कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का नाम | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) OSP | अधिकतम अनुदान राशि (राशि लाख में) |
| 1 | Tractor 4 WD (Upto 20 PTO HP) | 06 | रू0 2.45 लाख प्रति इकाई |
| 2 | Tractor 2 WD (Above 20 PTO HP & Upto 40 PTO HP) | 20 | रू0 3.00 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Power Tiller (8 BHP & Upto 11 BHP) | 03 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Power Tiller ( Above 11 BHP) | 03 | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Self- Propelled Power Weeder (Below 2 BHP) | 03 | रू0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self- Propelled Power Weeder (2 BHP & Below 5BHP) | 03 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self- Propelled Power Weeder (5 BHP & Below 7.5 BHP & Above) | 03 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| 8 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 02 | रू0 1.70 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 05 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor/ Power Tiller (Below 20 BHP) driven Equipments | | |
| 10 | MB Plough (Signal Bottom) | 03 | रू0 0.22 लाख प्रति इकाई |
| 11 | Cage Wheel | 05 | रू0 0.15 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Cultivator | 05 | रू0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 13 | Multi Crop Thresher | 03 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Paddy Thresher | 03 | रू0 0.38 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor (Above 20 -35 BHP) driven Equipments | | |
| 15 | MB Plough (Signal Bottom) | 03 | रू0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 16 | Cage Wheel | 20 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Cultivator | 20 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Multi Crop Thresher | 03 | रू0 1.25 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Paddy Thresher | 03 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Rotavator ( Up To 5 Feet) | 08 | रू0 0.46 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Zero-till Seed Drill multi Crop (7 Tines) | 08 | रू0 0.23 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor (Above 35 BHP) driven Equipments | | |
| 22 | Rotavator 6 Feet | 02 | रू0 0.60 लाख प्रति इकाई |
| 23 | Rotavator 7 Feet | 12 | रू0 0.70 लाख प्रति इकाई |
| 24 | Mini Rice Mill ( Upto 0.5 TPH) | 01 | रू0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Mini Rice Mill (More Than 0.5TPH & Upto 1.0 TPH) | 01 | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Mini Dal Mill ( Capicity 50kg per Hours) | 01 | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 27 | Mini Dal Mill ( Capicity 50kg per Hours & Below 100kg Per Hours) | 01 | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 28 | Manual Sprayer : Knapsack/Foot/Battery Operated Sprayer | 12 | रू0 0.01 लाख प्रति इकाई |
| 29 | Solar Powered Knapsack Sprayer | 11 | रू0 0.02 लाख प्रति इकाई |
| 30 | Powered knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer Capacity 8-12 Ltr) :< 0.75 HP Engine) | 12 | रू0 0.03 लाख प्रति इकाई |
| | Irrigation Equipments | | |
| 31 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Portable Irrigation Pumps Up To 15 HP | 35 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 32 | Manual Sprayer Knapsack/Foot/Battery Operated Sprayer | 36 | रू0 0.018 लाख प्रति इकाई |
| 33 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 11 | रू0 0.036 लाख प्रति इकाई |

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–कोडरमा द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूहो को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
4. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा /जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा /DPM JSLPS, कोडरमा एवं DDM नाबार्ड, कोडरमा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है।
5. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, (जिला संयुक्त कृषि भवन) कोडरमा से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। भूमि संरक्षण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 18.06.2025 तक आवेदन जमा कर सकते है।

**कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा, संयुक्त जिला कृषि कोडरमा।**

PR 355059 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 जून, 2025
www.azadsipahi.in
11

# धनबाद से एक करोड़ की अवैध शराब जब्त




**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद पुलिस ने एक बार फिर शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये की शराब जब्त की है। इसकी जानकारी धनबाद सीटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव ने दी। शनिवार को बलियापुर थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध नकली शराब लदा एक कंटेनर गुलूडीह गांव की ओर जा रहा है। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन कर छापामारी की गयी। गुलूडीह बस्ती में घेराबंदी कर एक कंटेनर ट्रक को जब्त किया गया, जिसमें 1003 कार्टून अवैध नकली शराब था। जिसमें कुल 12036 बोतल शराब थे। इसके अलावा घटनास्थल से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भी जब्त की गयी गई, जो शराब कारोबार में संलिप्त किसी व्यक्ति की है। छापामारी के दौरान ट्रक का चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। वहीं, बरामद शराब की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि संगठित अपराधी गिरोह स्थानीय स्तर पर सक्रिय हैं।

# झरिया में अवैध लॉटरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, छह गिरफ्तार

## अवैध लॉटरी के खिलाफ आगे भी जारी रहेगा अभियान : सिंदरी एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध लॉटरी बिक्री के विरुद्ध छापामारी कर अलग-अलग जगहों से पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अनिल वर्मा, निरंजन सिंह, बिरजू साव, सूरज रजक और तपेश सेन के रूप में हुई है। पकड़े गये आरोपितों के पास से लॉटरी के टिकट के साथ ही 24 हजार 500 रुपये नगद भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लॉटरी के खिलाफ आगे भी छापामारी जारी रहेगा। वहीं, पकड़े गये आरोपितों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो कोई भी तस्करी के इस धंधे में शामिल पाया गया उसे भी बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब हो कि झारखंड में लॉटरी की खरीद-बिक्री प्रतिबंध है। बावजूद इसके पूरे कोलाचल में अनिल वर्मा, निक्की वर्मा, तनवीर, समीर और रंजन सिंडिकेट हावी है। बाजारों में धड़ल्ले से इन लोगों की लॉटरी चल रही है। सूत्रों की मानें तो छापामारी के बाद भी इन सभी सिंडिकेट की लॉटरी बिक रही है।


अवैध लॉटरी कारोबार करते पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देती पुलिस।

## झमाडा के पास हो अपना स्थाई एमडी : सदानंद महतो

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने मांग की कि झमाडा का अपना स्थायी एमडी हो, ताकि जनहित से जुड़े कार्यों को पूरा होने में किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि माडा धनबाद की जनता की सुख सुविधा जैसे पानी, स्वस्थ फूड लाइसेंस, दुकानों का लाइसेंस, नक्शा आदि कार्यों का निष्पादन कार्य देखता है। माडा बीसीसीएल क्षेत्र धनबाद का विकास करती आ रही है। सभी क्षमताओं से लैस होने के बावजूद झमाडा का अपना एमडी नहीं है, जिस कारण कई कार्य सूचारू रूप से नहीं हो पाते हैं। इस लिए सरकार से मांग है कि झमाडा के लिए एमडी की नियुक्ति की जाये।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
बोकारो इस्पात संयंत्र
BOKARO STEEL PLANT

सूचना

बोकारो इस्पात संयंत्र के सभी संपदा ग्राहकों यथा बी एस एल आवासों, भूखंडों, दुकानों इत्यादि के आवंटी / उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि संपदा विपत्र (बिल) प्राप्ति के पश्चात् बिल में दर्शाये गए नियत समयावधि / तिथि के अंदर देय राशि (Estate Dues) का भुगतान करना आवश्यक है भुगतान नहीं होने की स्थिति में आवंटन / अनुबंध के नियम एवं शर्तो के अनुसार यथोचित /दंडात्मक कार्यवाई की जा सकती है।

(आदेशानुसार)
नगर प्रशासन
सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GO1006454, वेबसाइट: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

# धनबाद में मिला कोरोना संक्रमित मरीज, बिना बताये पहुंचा रांची

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** देशभर में कोरोना फिर से धीरे-धीरे पैर पसारने लगा है। धनबाद में भी कोरोना वायरस से संक्रमित पहला मरीज मिला है। मनइटांड के कुम्हारपट्टी निवासी आकाश पंडित (27) कोरोना से संक्रमित पाया गया है। बीमार होने के बाद आकाश जोड़ाफाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में दो दिनों से भर्ती था। जांच के लिए सैंपल लेकर निजी पैथोलॉजी को भेजा गया था। उधर, इस सीजन का पहला मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग की टीम मरीज की तलाश में जुट गयी है। कोरोना मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। हालांकि सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आयी है कि युवक बिना बताए ही रांची चला गया है, जबकि उसकी जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आयी है।

# जीतपुर खदान पूरी तरह सुरक्षित और चालू होने की बेहतर स्थिति में है : रंजीत यादव



**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ (राजश्रसं) सेल जीतपुर शाखा के सचिव रंजीत कुमार यादव ने सेल चासनाला के जीतपुर कोलियरी बंद करने के प्रबंधन के फैसले के खिलाफ पांच सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए रविवार से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन के नोटिस पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सीडी कोलियरी डिवीजन सेल चासनाला ने 11 जून को अभ्यावेदन देकर केंद्रीय उप मुख्य श्रम आयुक्त से मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय उप मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष श्रमेव जयते भवन, जगजीवन नगर में ट्रेड यूनियन के महामंत्री अवधेश कुमार, केंद्रीय संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा, शाखा सचिव रंजीत कुमार यादव उर्फ गुड्डू, शिव कुमार तिवारी एवं प्रबंधन कि ओर से जीतपुर कोलियरी अभिकर्ता मनीष कुमार, राघवेंद्र शर्मा, एजीएम एचआर निशिकांत, अधिकृत प्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण संयुक्त चर्चा हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) ने सक्षम एजेंसी से मामले के पुनः जांच कराने के लिए प्रबंधन को पत्राचार करने सहित सभी आवश्यक प्रयास करने का निर्देश दिया। साथ ही सात जुलाई को सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है। महामंत्री अवधेश कुमार ने कहा कि उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के निर्णय पर पूरा भरोसा है। श्रामिको के हित में न्याय मिलेगा। इस अवसर पर शाखा सचिव रंजीत कुमार यादव ने कहा कि हजारों श्रमिकों के भविष्य पर लगे ग्रहण छट गए हैं। श्रमिकों में हर्ष है और आशा की किरण जगी है। जीतपुर खदान पूरी तरह सुरक्षित है और चालू होने की बेहतर स्थिति में है। केवल प्रबंधन की इच्छा शक्ति की कमी है।

# गोल धनबाद के 27 छात्रों ने सफलता का परचम लहराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी को लेकर अभिभावकों एवं छात्रों के बीच विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल के छात्रों ने इस बार भी नीट 2025 में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया। विदित हो कि बहुत सारे प्रतियोगियों ने बहुत अच्छे अंक एवं रैंक से सफलता हासिल कि जिसमें श्वेता कुमारी (562), अंजली कुमारी (556), धात्री (555), जानवी (549), गौरव (544), श्रेया (538), स्वप्नील (532), आरजू (528), सत्यम (526), पूनम (526), शिवम (523), आस्था (519), विधि अग्रवाल (513), वैश्वी (508), कुसुम (485), बादुली (392 एसटी), पूनम (310 एसटी), कुमारी खुशबू सोरेन (290 एसटी) आदि शामिल हैं।

गोल धनबाद के केंद्र निर्देशक संजय आनंद सभी उपस्थित सफल छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताते हैं कि 27 वर्षों में हमारे संस्थान ने संस्थापक व प्रबंध निदेशक बिपिन सर के दिशा निर्देश में लगभग 18000+ डॉक्टर देश और समाज को दिये हैं जो मानवता को सेवा दे रहे हैं। धनबाद जैसे छोटे जगह से लगभग 24 वर्षों से हर वर्ष नीट में उच्चतम प्रतिशत रिजल्ट लगातार देने का सौभाग्य गोल को मिला है और यह शायद यहां के अभिभावकों और छात्रों के साथ ही पूरी गोल की टीम, शिक्षकों के साथ ही संस्थान का मार्गदर्शन, स्टडी मैटेरियल, विभिन्न टेस्ट सीरीज, पर्सनल केयर और हॉस्टल का हेल्थी कॉम्पिटेटिव माहौल की देन है। विदित हो कि विगत 24 वर्षों से मेडिकल प्रतियोगिता में कोयलांचल से सबसे ज्यादा प्रतिशत रिजल्ट देने वाली संस्थान के रूप में गोल धनबाद की पहचान बनी हुई है, जबकि इंडिया टुडे के सर्वे मे उक्त संस्थान को पूर्वी भारत का रिजल्ट ओरिएंटेशन में नंबर वन का खिताब मिल चुका है। उन्होंने यह भी बताया गोल पूरी तरह प्रतियोगी छात्रों के साथ है। जो प्रतियोगी जरा सा पीछे रह गये वो घबराएं नहीं, अपनी तैयारी को धैर्य, जोश एवं उमंग के साथ जारी रखें। संस्थान के मार्गदर्शन को फॉलो करने वाले छात्रों की सफलता निश्चित है।

झारखण्ड सरकार
भू–अर्जन वाद सं०–63/2024–25
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

"गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–बनुआडीह, थाना संख्या–13, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–बनुआडीह, थाना संख्या–13, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा–**10.32746** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–बनुआडीह

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भुखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 71 | 444 | रैयती | 0.144639 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, शुकन साहु वल्द जादु साहु | 445 | 446 | 443 | 442 |
| 02 | 72 | 445 | रैयती | 0.204687 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 446 | 447 | 444 | 443 |
| 03 | 72 | 447 | रैयती | 0.150392 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 448 | 449 | 446 | 445 |
| 04 | 72 | 448 | रैयती | 0.156770 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 449 | 450 | 447 | 446 |
| 05 | 72 | 449 | रैयती | 0.156467 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 450 | 451 | 448 | 447 |
| 06 | 72 | 450 | रैयती | 0.062233 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 451 | 452 | 449 | 448 |
| 07 | 72 | 451 | रैयती | 0.077089 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 452 | 453 | 450 | 449 |
| 08 | 72 | 452 | रैयती | 0.076397 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 453 | 454 | 451 | 450 |
| 09 | 72 | 453 | रैयती | 0.021745 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आषा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 454 | 455 | 452 | 451 |
| 10 | 72 | 465 | रैयती | 0.151168 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 466 | 467 | 464 | 463 |
| 11 | 72 | 471 | रैयती | 0.038567 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 472 | 473 | 470 | 469 |
| 12 | 72 | 765 | रैयती | 0.082514 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 766 | 767 | 764 | 763 |
| 13 | 72 | 766 | रैयती | 0.114080 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 767 | 768 | 765 | 764 |
| 14 | 72 | 767 | रैयती | 0.121980 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 768 | 769 | 766 | 765 |
| 15 | 72 | 768 | रैयती | 0.045817 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो दीनुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो पैरो माझी वल्द आशा माझी वो लवधन माझी वल्द चामु माझी वो शुकुआ माझी वल्द झापड़ा माझी वो शम्भु माझी वल्द शवना माझी | 769 | 770 | 767 | 766 |
| 16 | 77 | 446 | गैरमजरूआ खास | 0.028994 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह गैरमजरूआ मालिक | 447 | 448 | 445 | 444 |
| 17 | 56 | 461 | रैयती | 0.049964 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, लखना माझी वल्द चमरू माझी | 462 | 463 | 460 | 459 |
| 18 | 56 | 464 | रैयती | 0.079536 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, लखना माझी वल्द चमरू माझी | 465 | 466 | 463 | 462 |
| 19 | 13 | 462 | रैयती | 0.509286 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेशरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पे शरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेशरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 463 | 464 | 461 | 460 |
| 20 | 13 | 463 | रैयती | 0.394480 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 464 | 465 | 462 | 461 |
| 21 | 13 | 466 | रैयती | 0.058652 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 467 | 468 | 465 | 464 |
| 22 | 13 | 693 | रैयती | 0.008703 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 694 | 695 | 692 | 691 |
| 23 | 13 | 702 | रैयती | 0.077318 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 703 | 704 | 701 | 700 |
| 24 | 13 | 706 | रैयती | 0.146341 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 707 | 708 | 705 | 704 |
| 25 | 13 | 802 | रैयती | 0.022867 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 803 | 804 | 801 | 800 |
| 26 | 13 | 803 | रैयती | 0.034037 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 804 | 805 | 802 | 801 |
| 27 | 13 | 804 | रैयती | 0.130107 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 805 | 806 | 803 | 802 |
| 28 | 13 | 1046 | रैयती | 0.101027 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 1047 | 1048 | 1045 | 1044 |
| 29 | 13 | 1047 | रैयती | 0.072037 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 1048 | 1049 | 1046 | 1045 |
| 30 | 13 | 1048 | रैयती | 0.061638 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 1049 | 1050 | 1047 | 1046 |
| 31 | 13 | 1050 | रैयती | 0.072743 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 1051 | 1052 | 1049 | 1048 |
| 32 | 13 | 1051 | रैयती | 0.041379 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, देबुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो रामसिंह माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लेदुआ माझी, पेषरान–झरीया माझी वो लोवीन माझी, पेषरान–झरीया माझी | 1052 | 1053 | 1050 | 1049 |
| 33 | NA | 1052 | अज्ञात | 0.011547 | अज्ञात | 1053 | 1054 | 1051 | 1050 |
| 34 | 71 | 492 | रैयती | 0.146339 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, शुकन साहु वल्द जादु साहु | 493 | 494 | 491 | 490 |
| 35 | 71 | 493 | रैयती | 0.235427 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, शुकन साहु वल्द जादु साहु | 494 | 495 | 492 | 491 |
| 36 | 71 | 622 | रैयती | 0.253855 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, शुकन साहु वल्द जादु साहु | 623 | 624 | 621 | 620 |
| 37 | 71 | 624 | रैयती | 0.204624 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, शुकन साहु वल्द जादु साहु | 625 | 626 | 623 | 622 |
| 38 | 45 | 611 | रैयती | 0.174198 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कोइला माझी वल्द पुटुआ माझी वो मंगरा माझी वल्द बैजनाथ माझी वो बीन्दा माझी वल्द बीनुआ माझी | 612 | 613 | 610 | 609 |
| 39 | 45 | 612 | रैयती | 0.004802 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कोइला माझी वल्द पुटुआ माझी वो मंगरा माझी वल्द बैजनाथ माझी वो बीन्दा माझी वल्द बीनुआ माझी | 613 | 614 | 611 | 610 |
| 40 | 45 | 696 | रैयती | 0.103513 | वीजै चन्द्र साहु वगैरह, कोइला माझी वल्द पुटुआ माझी वो मंगरा माझी वल्द बैजनाथ माझी वो बीन्दा माझी वल्द बीनुआ माझी | 697 | 698 | 695 | 694 |
| | | | कुल | 10.32746 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 354986 Land Reforms(25-26)#D

उपायुक्त, राँची

# चारधाम यात्रा में 28 लाख श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

## केदारनाथ धाम पहुंचनेवालों का आंकड़ा 10 लाख पार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। 45 दिन की यात्रा में अब तक 28 लाख से अधिक श्रद्धालु चारों धामों के अलावा हेमकुंड साहिब में दर्शन कर चुके हैं। इसमें केदारनाथ धाम में दर्शन करने वालों का आंकड़ा 10 लाख पार हो गया है। प्रतिदिन 70 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। इस बार चारधाम यात्रा का आगाज 30 अप्रैल से हुआ। मौसम की चुनौतियों के बाद भी चारों धामों व हेमकुंड साहिब में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम की यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है। यात्रा के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था है। हरिद्वार, ऋषिकेश, हरर्बटपुर, विकासनगर में केंद्रों में ऑफलाइन पंजीकरण की संख्या बढ़ रही है। एक दिन 28 हजार तक ऑफलाइन पंजीकरण हो रहे हैं।

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक पटाखा गली, श्रीराम नगर गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?.................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें : 6201474385, 7488680098, 9717720847

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING: M.Sc. Nursing, Post Basic B. Sc. Nursing, B.Sc. Nursing, GNM, ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE: BMLT, DMLT, OT ASSISTANT, ECG, OPHTHALMIC ASST., CRITICAL CARE (ICU), RADIO-IMAGING, ANESTHESIA TECH., DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY: D-PHARM, B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

उत्कर्ष का १०वां वर्ष
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महोत्सव विश्वास का आजाद सिपाही
मुकेश नायक
घासी (नायक) समाज युवा कल्याण समिति, कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses: ADCA / DTP / C++, A+ / JAVA / PYTHON ect., HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST, D-4 MONTH, GET JOB, MONEY BACK

!! श्री गणेशाय नमः !! !! जय थावें वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. NDA Foundation (11th & 12th), NDA Pre Foundation (8th & 10th), CDS/MNS/AF, CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES: ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं। Daily Practical LAB. Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम खरखराव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है। फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

MEENA GENERAL HOSPITAL (A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology, Critical Care, Dental, Internal Medicine, Lab & Radiology, Obstetrics & Gynecology, Ophthalmology, Pediatrics & Neonatology, Urology, General Surgery, Orthopedics & Trauma, Physiotherapy
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
AGE GROUP: Play Group - 2 to 3 years, Nursery - 3 to 4 years, L.K.G - 4 to 5 years, U.K.G - 5 to 6 years
REGISTER NOW
ADDRESS: NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO. +91-9334814668, +91-9798295759
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777, 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

ADMISSION OPEN 50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM, BIOMETRICS, CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रॉंची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels @glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784, 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**